तापमान
अधिकतम 28.7 डिग्री
न्यूनतम 10.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 दिव्यांगजन समाज की शक्ति, मिले बराबर अवसर और सम्मान : मेयर


13 ग्रामीणों को युवा जागरूक कर रहे नशे के विरुद्ध




न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### वृद्ध दंपती के साथ मारपीट, दी धमकी



**भिलाई।** वृद्ध दंपती के साथ मारपीट और धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। वार्ड 23 गुरु घासीदास नगर भिलाई निवासी तपीलाल प्रसाद ने आरोप लगाया है कि मरान नंबर 110 में पूजा करने गया था। मंदिर में पूजा कर लौट रहे थे। तभी सौरभ गुप्ता और उसकी पत्नी ने समेत 6 महिलाओं ने 68 वर्षीय पत्नी के साथ मारपीट किया। इसके बाद सौरभ की पत्नी, बहन लातघुसे से पिटाई करने लगे। मारपीट में तपीलाल की पत्नी बेहोश हो गई, पिटाई इतना बेजबरन किया गया। तपीलाल ने बताया कि सौरभ गुप्ता किराएदार है। दमाद द्वारा फर्जी रुप से बनाए गए दस्तावेज के कारण मकान को कब्जा कर रखा है। जिसे लेकर सीएम, कलेक्टर, एसपी, थाना प्रभारी को इसकी शिकायत किया है। तपीलाल ने बताया कि मकान को कब्जा करने के लिए पति पत्नी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

### चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम हिंगनाडीह के गोदाम मे रखे एल्यूमिनियम के बिजली वायर का 2 अलग अलग कंडक्टर ड्रम बंडल से पार हो होने की शिकायत पुलिस में की गई थी। नंदिनी पुलिस ने कबीर कुटी केम्प 2 निवासी बिल्लू उर्फ धनेश ठाकुर, मकान नंबर 257 वार्ड 22 जेपी नगर केम्प 2 फनेन्द्र कुमार साहू उर्फ कृष को गिरफ्तार किया।

### नशे की दवा के साथ तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर माल धक्का पास दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास दो युवक नशे की दवा बेचने का काम कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पंचशील नगर सुमित जाटव, सिकोलाभाठा मोहन नगर फग्गू उर्फ लक्की यादव, साईनगर सुनील तांडी को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने नशीली टैबलेट जब्त किया गया।

## विसंगति : सीजी में 60 से 70 प्रतिशत ही पढ़ाई हो पाई, सीबीएसई स्कूलों में कोर्स पूरा

# सीबीएसई के स्कूलों में प्री बोर्ड की परीक्षाएं शुरू सीजी बोर्ड में अर्द्धवार्षिक की तैयारी अब हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दसवी-बारहवीं बोर्ड परीक्षा इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल मार्च के बजाय फरवरी में लेगा। हाल यह है कि सीबीएसई स्कूलों में दसवी और बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है।

यानी इन स्कूलों ने बोर्ड के सिलेबस के हिसाब से 100 प्रतिशत कोर्स सभी विषयों के पूरे कर लिए हैं। वहीं सीजी बोर्ड की तुलना करें तो यहां के सरकारी स्कूलों में अभी अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी की गई है। यानी कोर्स किसी स्कूल ने 60 प्रतिशत तो किसी ने 70 प्रतिशत तक ही पूरा किया है।



### सीबीएसई में एक जनवरी से प्रेक्टिकल परीक्षा

सीबीएसई बोर्ड में इस बार ट्विनसिटी के 73 स्कूलों के करीब 20 हजार विद्यार्थी प्री बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। दसवी बोर्ड में करीब 11 हजार और बारहवीं बोर्ड में करीब 9 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन विद्यार्थियों की वार्षिक प्रेक्टिकल परीक्षाएं भी एक जनवरी से 15 फरवरी तक पूरा करने के निर्देश है। इसलिए सीबीएसई बोर्ड वाले स्कूलों में सभी विषयों के कोर्स 100 प्रतिशत पूरे कर लिए गए हैं।

### सीबीएसई में टेस्ट के 20 नंबर मिलेंगे

सीबीएसई बोर्ड के गाइड लाइन के हिसाब से दसवी और बारहवीं बोर्ड के विद्यार्थियों का आतंरिक मूल्यांकन के 20 अंक निर्धारित हैं। मासिक टेस्ट, अर्द्धवार्षिक और प्री बोर्ड परीक्षा के मिले अंक का एवरेज नंबर का आंकलन विद्यार्थियों का होना है। शेष 80 अंक के पेपर दसवी बोर्ड वार्षिक परीक्षा में पूछे जाएंगे। बारहवीं में किसी किसी विषय में 70 अंक के प्रश्न भी आएंगे। इसलिए सभी स्कूलों में प्री बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। ये परीक्षाएं स्कूल दिसंबर के पहले ही पूरा कर लेंगे।

### व्याख्याता प्रमोशन का भी असर

सरकारी स्कूलों में व्याख्याताओं को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रमोशन दिया है। प्रमोशन से पहले ही व्याख्याताओं ने यह मन बना लिया कि उन्हे स्कूल छोड़कर दूसरे स्कूल जाना है। इस चक्कर में कई स्कूलों में पढ़ाई करवाने में लापरवाही दिखाई गई। खानापूर्ति करते रहे और नतीजा कोर्स से पिछड़ गए हैं। प्रमोशन पाकर जो व्याख्याता स्कूल ज्वाइन किए हैं उनके मत्थे कोर्स पूरा करने का दबाव अब बढ़ गया है।

### सीजी बोर्ड में न प्रेक्टिकल न कोर्स पूरे

सीजी बोर्ड में दसवी और बारहवीं की सभी विषयों में पढ़ाई प्रभावित चल रही है। जिले में 150 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल हैं। यहां के 28947 विद्यार्थी इस बार बोर्ड परीक्षा देंगे। दसवी में 16084 और बारहवीं में 12863 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन स्कूलों में विद्यार्थियों का नियमित प्रेक्टिकल नहीं हो पाया है इसलिए परीक्षाएं भी प्रभावित होंगी। न ही कोर्स पूरा हो पाया है। विद्यार्थियों ने बताया कि प्रेक्टिकल परीक्षाओं के अंक भी वार्षिक परीक्षाओं में जुड़ेंगे।

### स्कूलों से गैरहाजिर रहते हैं शिक्षक

सरकारी स्कूलों में हाल यह है कि ज्यादातर स्कूलों में व्याख्याता अपने स्कूलों से अनुपस्थित रहते हैं। 4 दिसंबर को जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के औचक निरीक्षण के दौरान इसका खुलासा भी हुआ है। ग्रामीण इलाके में ज्यादातर व्याख्याता शहर से स्कूल पहुंचते हैं। वे समय पर स्कूल नहीं पहुंचते और समय से पहले ही स्कूल छोड़ने की शिकायत रही है। जिसकी वजह से पढ़ाई पर व्यापक असर पड़ा है।

### अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं दिसंबर में

"सीजी बोर्ड दसवी और बारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। 21 दिसंबर तक परीक्षा पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। फरवरी में वार्षिक परीक्षा होनी है। उस हिसाब से एक्सट्रा क्लास लगाकर कोर्स पूरा करने की हिदायत दी गई है।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ

### प्री बोर्ड परीक्षा चल रही

"सीबीएसई स्कूलों में हमने 100 प्रतिशत कोर्स पूरे कर लिए हैं। इसलिए प्री बोर्ड परीक्षाएं भी चल रही है। इंटर्नल मूल्यांकन के 20 अंक वार्षिक परीक्षा में जुड़ेंगे।

-आरएस पांडेय, पूर्व समन्वयक सीबीएसई

## पत्नी के कपड़े सिलवाने के बहाने महिला से अश्लील हरकत, फोन पर लगातार कर रहा था परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला के साथ अश्लील हरकत करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 79 (अश्लील कृत्य/उत्पीड़न) और धारा 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि महिला कपड़े सिलने का काम करती है। शादीशुदा युवक अपनी पत्नी के कपड़े सिलवाने के बहाने महिला के घर पहुंचा और उसका मोबाइल नंबर लिया। मोबाइल पर कॉल कर उसे लगातार परेशान करने लगा। आरोपी युवक महिला से शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा। महिला ने मना करने पर उसके साथ गाली कर अपहरण करने की भी धमकी दिया। पीड़ित महिला के मुताबिक आरोपी युवक डेढ़ साल पहले अपनी पत्नी के कपड़े सिलवाने के बहाने घर आकर उससे मोबाइल नंबर लिया था। आरोपी युवक की शुरुआत में बातचीत सामान्य थी, लेकिन समय बाद महिला को युवक लगातार फोन कर अश्लील बातें करने लगा। जब पति ने इसका विरोध जताया और समझाने के बाद आरोपी शांत हो गया था। मगर दोबारा 28 नवंबर को आरोपी ने फिर से अलग-अलग नंबरों से महिला को फोन करना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक युवक न केवल उससे अश्लील बातें करता है, बल्कि बार-बार अपने प्रेम संबंध को लेकर उसे बहकाने की कोशिश करता रहा। महिला का आरोप है कि आरोपी युवक ने फोन पर ऊंची आवाज में धमकी देते हुए कहा कि वह उसे उठवा लेगा और उसका अपहरण कर साथ लेकर चला जाएगा।

# दहेज प्रताड़ना के मामले में पति समेत सात के खिलाफ जुर्म दर्ज

**मारपीट कर लगातार करते थे प्रताड़ित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने पूर्व न्यायाधीश और उनके परिवार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। महिला पुलिस थाना ने बताया कि मुकाम गली 1 गंजपारा दुर्ग निवासी प्रेरणा लुनिया का विवाह सामाजिक रीति रिवाज के साथ 10 जून 2025 को नगपुरा तीर्थ में अमन लुनिया के साथ हुई थी। पीड़िता के ससुर अशोक कुमार लुनिया सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं और कवर्धा जिले में निवासरत हैं।

▪ पूर्व न्यायाधीश का भी नाम शामिल

पीड़िता प्रेरणा के मुताबिक शादी में उपहार स्वरुप सोना करीब 17-20 तोला, डेढ़ किलो चांदी और 5 लाख रुपए नकद फर्नीचर समेत कई घरेलू समान दिए गए थे। प्रेरणा का आरोप है कि शादी के सिर्फ तीन दिन बाद ही पति अमन और ससुराल वाले देवर आयुष, सास सितारा देवी लूनिया,ससुर सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार लूनिया, बडे ससुर अजय बोथरा, बड़ी सास लता बोथरा कम दहेज लाने का ताना देने लगे। कामवाली बाई के जाने के बाद पीड़िता से घर का सारा काम कराया जाता था। विरोध करने पर प्रेरणा के साथ गाली-गलौज की जाती, कमरे में बंद कर मारपीट की जाती और उन्हें खाना भी नहीं दिया जाता था। प्रेरणा की शिकायत पर महिला पुलिस ने ससुरालियों के 7 लोगों को आरोपी बनाया है। उक्त सभी परिवारों के ऊपर पीड़िता ने दहेज मांगने, मारपीट करने, मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देने, बहू का स्त्रीधन रोकने और उसे घर से निकालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता ने बताया कि पति ने अपनी दुकान के लिए 25 लाख भी मांगे। पीड़िता ने शिकायत में पुलिस को बताया कि सास-ससुर और पति नौकरानी जैसा व्यवहार करते थे। जूते-चप्पल तक साफ कराते थे।

### तीन बार हुई काउंसिलिंग

पीड़िता के मुताबिक 4 अक्टूबर को महिला थाना में जिसे लेकर शिकायत दिया गया था। 7 अक्टूबर , 28 अक्टूबर और 4 नवंबर को काउंसलिंग की कोशिश की गई। मगर ससुराल पक्ष ने किसी में सहयोग नहीं किया। फिर पुलिस ने धारा 85, 3(5), बीएनएस समेत अन्य धाराएं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया। पीड़िता ने मांग की है कि उनका स्त्रीधन लौटाया जाए, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई हो।


हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


## जून महीने में भी निगम ने भेजा था नोटिस

# बिना लाइसेंस चल रही ब्लेंककिट सर्विस कार्रवाई के लिए गई टीम बैरंग लौटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र में अनुज्ञप्ति व गोमाश्ता लाइसेंस के बिना कारोबार करने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। निगम एक इसे अभियान के रूप में चला रहा है लेकिन शुक्रवार को निगम की टीम एक बड़े सर्विस सेंटर पर कार्रवाई नहीं कर सकी। ब्लेंककिट सर्विस के नाम पर वार्ड क्रमांक 3 मॉडल टाउन में एक सेंटर चल रहा है। निगम ने जून महीने में इस सेंटर को नोटिस थमाकर अनुज्ञप्ति लाइसेंस बनाने की हिदायत दी थी लेकिन नोटिस बेअसर रहा। निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए जब यहां पहुंची तो इस सर्विस सेंटर के मैनेजर ने निगम की टीम पर दबाव बनाकर बैरंग लौटा दिया।



### सोमवार तक मोहलत

जोन वन की टीम ब्लेंककिट सर्विस सेंटर में गई थी। जून महीने में हमने नोटिस जारी किया था और संचालन के दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा था। अब तक ये प्रस्तुत नहीं किए हैं। उनके पास गुमाश्ता व अनुज्ञाप्ति लाइसेंस भी नहीं है। पंचनामा बना लिया है। सोमवार तक सर्विस सेंटर को संपूर्ण दस्तावेज के साथ पेश होने कहा गया है।

-जावेद अली, प्रभारी अधिकारी निगम

### पंचनामा में भी मैनेजर ने नहीं किया हस्ताक्षर

ब्लेंककिट सर्विस सेंटर के मैनेजर सहित स्टॉफ ने टीम को न दस्तावेज दिखाएं और न ही जानकारी देने को तैयार हुए। दोनों पक्षों में झंझट होने के बाद निगम की टीम ने पंचनामा जरूर तैयार किया। इस पंचनामा में भी सर्विस सेंटर के मैनेजर ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मैनेजर ने ऐसा गोलमोल जवाब दिया कि सर्विस सेंटर का संचालन दिल्ली या महाराष्ट्र की कंपनी करती है। जोन वन की टीम आखिरकार पंचनामा में अन्य लोगों के हस्ताक्षर लिए। न जुर्माना ठोंका और न ही कोई कार्रवाई की।

# मतदाता सूची का सत्यापन 11 तक, बीएलए से की जाएगी शेयर

## विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्य के प्रगति के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, संशोधित कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की गई।

जानकारी दी गई कि 27 अक्टूबर को जारी निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम घर-घर मतदाता सत्यापन 11 दिसंबर, ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर, आपत्ति एवं दावा अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी, सुनवाई एवं सत्यापन 16 दिसंबर से 7 फरवरी, अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जनपद, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के सदस्य, सभापति, एल्डरमेन, पार्षद, पंच, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों के गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा है या नहीं। इसकी पुष्टि दलों द्वारा अवश्य कर ली जाए। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार के सदस्य का नाम वर्ष 2003 के रिकॉर्ड से मिलान के दौरान छूट गया हो तो तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को सूचित करने को कहा है।



### डिजिटाईजेशन मतदान केन्द्रों के एएसडी सूची किया जाएगा साझा

कलेक्टर ने कहा कि लगभग सभी मतदान केन्द्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन पूर्ण हो चुका है। जिन मतदान केंद्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, वहां के एएसडी (मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित) मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा संबंधित दल के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को उपलब्ध कराई जाएगी। बीएलए द्वारा सूची की जांच कर त्रुटि पाए जाने पर सुधार हेतु बीएलओ को सूचित करने को कहा।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 48 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48 लाख 28 हजार रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यों की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार धमधा ब्लॉक के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण 2 लाख 60 हजार, ग्राम बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर पास रंगमंच निर्माण 3 लाख, ग्राम रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण 3 लाख, ग्राम नारधा के हायर सेकंडरी स्कूल में शेड निर्माण 7 लाख, ग्राम कंडरका में माध्यमिक शाला में शेड निर्माण 07 लाख, ग्राम राजपुर के कोक्सा तालाब में निर्मलाघाट निर्माण 2 लाख 60 हजार, ग्राम ढ़ाबा के माध्यमिक शाला में शेड निर्माण7 लाख, ग्राम बागडुमर सेमरिया में मुक्तिधाम एवं शेड निर्माण 4 लाख 79 हजार और ग्राम ढौर खेरधी में मुक्तिधाम एवं शेड निर्माण हेतु 4 लाख 79 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### क्षत्रिय करणी सेना की महापंचायत आज

**भिलाई।** क्षत्रिय करणी सेना द्वारा 7 दिसंबर को महापंचायत का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में किया गया है। युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि यह आयोजन क्षत्रिय स्वाभिमान एवं नारी अस्मिता न्याय के लिए रखी गई है। महापंचायत महापंचायत में शामिल होने दूसरे राज्यों से भी लोग छत्तीसगढ़ पहुंच रहे है।

## वार्ड 8 : नया टॉयलेट शुरू, दूसरा टूटा लेकिन अब तक नया नहीं बना

# कृष्णा नगर में पूरे साल पेयजल संकट प्रेशर कम होने से नागरिकों को दिक्कत

### भिलाई वार्ड 8 कृष्णा नगर की मूलभूत परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

कृष्णा नगर वार्ड 8 के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या शौचालय की है। वार्ड में पहले दो सार्वजनिक सुलभ शौचालय हुआ करता था। वर्तमान में एक शौचालय मौजूद है। एक को शौचालय जर्जर होने के कारण निगम ने उसे तोड़ दिया, लेकिन फिर दोबारा बनाने की जरूरत किसी ने नहीं समझी। नतीजा यह कि लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस वार्ड की दूसरी बड़ी समस्या है कि ज्यादातर गलियों में लोगों ने नालियों पर कब्जा कर रखा है। कहीं स्लैब डाल दी गई है, तो कहीं निर्माण खड़ा कर दिया गया है। ऐसे में नालों की सफाई ठीक से नहीं हो पाती और सड़कें भी सिकुड़ गई हैं। थोड़ा सा पानी गिरते ही रास्तों में गंदगी भर जाती है। पानी सप्लाई भी लोगों की उम्मीद के मुताबिक नहीं है। पेयजल का दबाव इतना कम रहता है कि कई घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। वहीं कई गलियों की सड़कें जर्जर हालत में है। वार्ड के लोगों की साफ मांग है कि नालियों पर हुए अवैध कब्जों पर कार्रवाई हो, टूटे सुलभ शौचालय का तुरंत दोबारा निर्माण कराया जाए और पेयजल सप्लाई को मजबूत किया जाए।







### भिलाई वार्ड 8 में शौचालय की किल्लत, शिकायतें बेअसर

कृष्णा नगर वार्ड 8 में शौचालय की समस्या है। वार्ड में फिलहाल सिर्फ एक नया शौचालय चालू हुआ है। इसका उद्घाटन कुछ दिन पहले ही हुआ, लेकिन दूसरी तरफ पुराना सुलभ शौचालय जर्जर हो गया था जिसे निगम ने तोड़ दिया। उसे दोबारा बनाने का काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ। इसकी वजह से आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग रोजाना परेशानी झेल रहे हैं। उनका कहना है कि टूटे शौचालय की जगह नया निर्माण जरूरी है, क्योंकि एक ही शौचालय पूरे वार्ड की जरूरत नहीं पूरी कर पा रहा। लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत की लेकिन हालात वही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना रोज आने-जाने वाले लोगों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है।

### शौचालय के लिए भेजा प्रस्ताव

सड़क और नाली निर्माण के लिए 12 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। क्षेत्र मे निरीक्षण के बाद नालियों पर किए गए अवैध अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जाएगी।
**-राजेन्द्र कुमार,** पार्षद वार्ड 8,
कृष्णा नगर सुपेला भिलाई

# पुलिस ने की प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता, दंगे जैसी गंभीर धाराओं के तहत दर्ज किया केस



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- **भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व**

पिछले दिनों जमीन के बाजार मूल्य की बढ़ोत्तरी को लेकर जेआरडी स्कूल के सामने प्रदर्शन और चक्काजाम की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय जेल दुर्ग पहुंचा। जहां कांग्रेसियों ने जेल में निरुद्ध आरोपियों से मुलाकात की। कांग्रेसियों ने घायलों से भी चर्चा की। जेल में अनिल वासनिक, विक्की चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, जितेन्द्र बत्रा ने आप बीती बताई। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। देवेंद्र इसके बाद एसएसपी विजय अग्रवाल से मिलने भी गए, उनकी अनुपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मुलाकात कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। देवेंद्र ने इसके बाद कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता की। पहले जमानत पर रिहा किया, इसके बाद दंगे जैसी गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जेल में डाल दिया। इतना ही घटना में कई लोग घायल हुए हैं, उनके सिर में गंभीर चोट आई है। कई लोग फरारी काटने मजबूर हैं। उन्होंने मामले में शासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसवालों पर कार्रवाई की मांग की। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह सीधे तौर पर लौकतांत्रिक अधिकारों का सीधे तौर पर हनन है। इससे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लाठी चार्ज के इस मामले में प्रशासन को जवाब देना ही होगा, अन्यथा पूरे प्रदेश में चक्काजाम और प्रदर्शन होंगे।

### मंत्रियों के इशारे पर हुआ लाठी चार्ज, सभी का हो चिकित्सकीय परीक्षण

देवेंद्र यादव ने कहा कि सरकार के मंत्रियों के इशारे पर लाठी चार्ज का तुगलकी फरमान जारी हुआ। प्रदर्शन के दौरान जिन घायल लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण नहीं हुआ है, तत्काल कराया जाए। जबरदस्ती लोगों को पुलिस अपराधी न बनाये। जमानत में पुलिस आपत्ति न करे। जमानत में पुलिस सहयोगात्मक रवैया अपनाये। हमारी लड़ाई पुलिस प्रशासन से नहीं है। मुझे अपनी बात रखनी होगी तो चौक चौराहों पर रखूंगा।

# दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने पर बल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दिव्यांग व्यक्ति के अधिकारों में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में समान अवसरों के साथ-साथ भेदभाव और शोषण से सुरक्षा सम्मिलित करने के उद्देश्य से शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, गरिमा और कल्याण को बढ़ावा देना। यह दिवस दिव्यांगों को समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर जोर देता है। प्राचार्य ने महाविद्यालय में दिव्यांगजनों को दी जानी वाली विशेष सुविधाओं की भी जानकारी दी।

डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष हिन्दी एवं राष्ट्री सेवा योजना प्रभारी ने कहा कि दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ाना एवं राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में दिव्यांगों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश के अनुसार प्रधानमंत्री के सुझाव के बाद विकलांग शब्द की जगह दिव्यांग शब्द चलन में आया है अर्थात दिव्य अंग या विशेष क्षमता वाला व्यक्ति है। विश्व की लगभग 16 प्रतिशत जनसंख्या गंभीर विकलांगता का अनुभव करती है। सुश्री तब्बसुम अली ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के बारे में तथा डॉ. तोषिना तैलंग ने दिव्यांगता संबंधी पेंशन, ऋण, विवाह प्रोत्साहन एवं डॉ. संध्या सिंह यादव, डॉ. वैभव शंकर सोनी ने भी विचार साझा किए। वालेंटियर लुबना खान, उर्वशी निषाद, खुशी साहू एवं मानसी प्रसाद ने भी विचार रखे।

## कांग्रेस के तीन जिला संगठनों के नए अध्यक्ष आज लेंगे शपथ, भूपेश बघेल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- **पीसीसी चीफ दीपक बैज के भी आगमन की तैयारी**







कांग्रेस के तीनों जिला संगठनों में युवा कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद युवा कार्यकर्ताओं में खासा जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

संगठन में उनकी गतिविधि बढ़ गई है। उनका कहना है कि लंबे समय बाद पार्टी हाईकमान ने कार्यकर्ताओं के पसंद के व्यक्ति को जिला अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पर पद जिम्मेदारी सौंपी है। इससे युवाओं में खासा उत्साह है। इधर 6 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे तीनों अध्यक्षों धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर की ताजपोशी होनी है। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज का भी आगमन हो रहा है। इसके अलावा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। प्रवक्ता नासिर खोखर ने बताया कि राजीव भवन में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# दिव्यांगजन समाज की शक्ति, मिले बराबर अवसर और सम्मान : मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर वार्ड 17 कदाम्बरी नगर स्थित ब्राइट मंदबुद्धि एवं मूकबधिर विद्यालय संस्था द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद सुरुचि उमरे रंजीता पाटिल, राजू रातपूत आदि मौजूद रहें।

संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य से समारोह, सेमिनार, जागरूकता शिविर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन कर दिव्यांग हितग्राहियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। मेयर बाघमार ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों के साथ समय बिताया और उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा दिव्यांगजन हमारी समाज की शक्ति हैं। उनमें अद्भुत प्रतिभा, धैर्य और जिजीविषा होती है। हमारा दायित्व है कि हम उन्हें समान अवसर, सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करें। नगर निगम हमेशा दिव्यांगजन हितार्थ कार्यों को प्राथमिकता देगा और उनके लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।मेयर ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के विद्यालय और संस्थाएं समाज में जागरूकता बढ़ाने और दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पुलगांव, सेवती व बोरई पहुंचे गजेंद्र यादव

# शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से ली पढ़ाई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- **स्मार्ट क्लास को लेकर लिया फीडबैक**



प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधी एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग जिले में ग्राम पुलगांव, सेवती और बोरई तथा राजनांदगांव जिले के बिरेझर, सलोनी एवं चारभांठा स्थित शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवश्यकताओं और सीखने के अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति, परिसर की स्वच्छता तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों की स्थिति की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की।स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चारभांठा में स्मार्ट क्लास के माध्यम से संचालित शिक्षण व्यवस्था का फीडबैक लिया और शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टाफ को बच्चों का प्रैक्टिकल एवं निर्धारित पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण कर आगामी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने निरंतर प्रतिबद्ध है।

# अंतर महाविद्यालयीन तैराकी स्पर्धा में कन्या महाविद्यालय की जलपरियों ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय की तैराकों ने शासकीय महाविद्यालय कवर्धा द्वारा आयोजित हेमचंद यादव अंतरमहाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में चार विधाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

महाविद्यालय की तैराक भूमिका ओझा, बी.एस.सी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर ने 50 मीटर बैक स्टोक, 100 मीटर फ्री स्टाईल, 50 मीटर ब्रेस्ट स्टोक में विजेता रही। वही धनु ओझा बीएससी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर ने 50 मीटर बटर फ्लाई, 50 मीटर फ्री स्टाईल, 100 मीटर फ्री स्टाईल, 200 मीटर आईएम (चारो स्टोक) चार विधाओं में विजेता रही। चन्द्रकला ओझा ने 100 मीटर बटर फ्लाई, 50 मीटर बटर फ्लाई, 100 मीटर बैक स्टोक 200 मीटर, फ्री स्टाईल चारो विधाओं में विजेता रही। डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी ने बताया की तीनो छात्राएँ एक ही परिवार की है और तलाब में तैराकी का अभ्यास करती है इसमें से धनु ओझा एवं भूमिका पिछले वर्ष ओझा अखिल भारतीय विष्वविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है।महाविद्यालय की एथलीट कु. किरण सिंह का चयन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता गोला फेंक इवेंट के लिए चयन हुआ है उपरोक्त छात्रा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने बिलासपुर आयोजित स्पर्धा में हिस्सा लेंगी। टीम मैनेजर कविता वैष्णव, सहायक प्राध्यापक थीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी। क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव, सदस्य गणेशराम नायक, दीपक ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर लायंस चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयास श्रवण बाधित दिव्यांग विद्यालय सुपेला भिलाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित करने दिव्यांग छात्र-छात्राओं एवं जिले से आए अन्य दिव्यांग हितग्राहियों को सम्मिलित किया गया। उक्त कार्यक्रम भगवानदास अग्रवाल, विपिन बंसल, लायंस क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट समिति, अंजुम अली, अल मदद एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी भिलाई तथा डॉ. अमरीन, डॉ संजय गुप्ता, शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अल मदद एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी एवं शंकराचार्य कॉलेज से 30 डॉक्टरों द्वारा सभी दिव्यांग छात्र-छात्राओं का मेडिकल चेकअप किया।

## खबर संक्षेप

### कुर्मी समाज के अधिकारी कर्मचारियों की वृहद बैठक कल

**सेलुद।** मनवा कुर्मी समाज पाटन राज द्वारा 7 दिसंबर को कुर्मी भवन पाटन मे 11 बजे सभी विभाग के कुर्मी समाज के अधिकारियों व कर्मचारियों का संगोष्ठी बैठक रखी गई है। कार्यक्रम स्थल कुर्मी सामुदायिक भवन पाटन अतिथिगण मुख्य अतिथि नरेन्द्र बन्छोर होंगे। अध्यक्षता युगल आडिल राजप्रधान, पाटन राज करेंगे। पाटन राजप्रधान युगल किशोर आडिल ने बताया कि इस बैठक का उदेश्य परिचय का दायरा बढ़ाना और एक दूसरे का जरूरत पड़ने पर विभागीय स्तर पर सहयोग करना बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र मे मार्गदर्शन देना है।

## निधन

### शकुंतला देवी



**भिलाई।** ए-52 रो हाउस सूर्या रे सी डें सी नि वा सी शकुंतला देवी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र दिलबाग अदलक्खा और भूषण अदलक्खा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं।

### उषा दीवान



**कुम्हारी।** कुम्हारी निवासी उषा दीवान पति स्व. ललित धर दीवान का निधन 5 दिसम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार कुम्हारी मुक्तिधाम में किया गया। वे ममता शर्मा एवं रुखमणि तिवारी की मां थीं।

# अग्निवीर नीलेश ने देश सेवा के लिए कदम बढ़ाकर निपानी को किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

निपानी का लाडला सपूत निलेश सिन्हा पिता देवनारायण सिन्हा अग्नि वीर थल सेना में चयन उपरांत प्रशिक्षण पूरा कर प्रथम बार गृह ग्राम निपानी पहुंचा। उनके आते ही गांव का हर सदस्य खुशियों से झूम उठा। देश भक्ति गीतों से पूरा गांव गूंजने लगा। रंग गुलाल और पटाखों से उनका स्वागत किया गया। निपानी निवासी जनपद पंचायत पाटन सभापति रवि सिन्हा, राजेश ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत निपानी, खोमन सिन्हा पूर्व युवा मंच अध्यक्ष कलार समाज पाटन मंडल, हरीश सिन्हा कोषाध्यक्ष ग्राम समाज और कंवल सिन्हा ने युवाओं के साथ मिलकर आयोजन को भव्यता प्रदान की।



जनपद सभापति रवि सिन्हा ने कहा कि हम सबके लिए देश की सेवा सर्वोपरि है। लाडला नीलेश ने सेना ज्वाइन कर इसे प्रमाणित किया है। अग्निवीर बोलने सुनने में ही देश सेवा की बात जेहन में आ जाती है।उन्होंने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांव से जब अग्निवीर बनकर देश की सेवा युवा जाते है तो गांव गौरांवित हो उठता है जैसे आज हमारा निपानी गौरांवित हो उठा है।श्री सिन्हा ने कहा कि माता पिता संतान को संस्कार अवश्य दे जिससे वे माता पिता और देश की सेवा के

### अग्निवीर बनकर मनीष लौटा, रुदा में ग्रामीणों किया जोरदार स्वागत



निकुम/ दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम रूदा में अग्निवीर मनीष कुमार साहू अपना प्रशिक्षण पूरा कर लौटे। उनके आते ही पूरे गांव में खुशी छा गई। देशभक्ति की धुन पर ग्रामीण जन झूम उठे, वही ग्राम पंचायत के सरपंच नंद कुमार साहू, पूर्व सरपंच हुलली बाई, सहित युवक के पिता यादेश साहू व मां रूखमणि बाई की आंखों में खुशी छलक उठी। पूरा गांव व युवा सहित स्कूली बच्चे व शिक्षको ने भी स्वागत किया। वही सरपंच नंद कुमार साहू ने कहा कि बहुत गर्व की बात है यहां के युवा देश सेवा में जाकर गांव का नाम रोशन किया। इस अवसर पर अग्निवीर मनीष साहू को शॉल व मोमेंटो से सम्मानित किया गया। वही इस अवसर पर उपसरपंच लीलाधर निषाद, पंच संतोषी साहू, किशोर साहू ,राजेश साहू ,दुर्गा प्रसाद सहित इंद्र कुमार, अंजोरी दास साहू, देवेंद्र कुमार साहू और हरिश्चंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण जन रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन विविध कार्यक्रम हुए

# ग्रामीणों को युवा जागरूक कर रहे नशे के विरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन प्रभातफेरी, योग, ध्यान और प्रेरक विचारो के साथ प्रारंभ हुआ। परियोजना कार्य के अंतर्गत गहन स्वच्छता कार्यक्रम हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत संस्कार स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का आरंभ प्राथमिक शाला परिसर मटंग से हुआ। स्वयंसेवको ने स्वल्पाहार व भोजन मुख्य चौक एवं तालाबों के पचरी के साफ-सफाई ,भाठापारा के गलियो की सफाई, तालाब के किनारों , आंगन बाड़ी के परिसर की सफाई चौक की सफाई, सहाडा देव, सार्वजनिक से मंच के आस- पास सफाई का कार्य किया। बौद्धिक परिचर्चा का प्रारम्भ दोपहर के भोजन के उपरांत हुआ जिसके मुख्य अतिथि योगेश निक्की भाले, अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन ,अध्यक्ष जनभागीदारी समिति थे। कार्यक्रम की अध्यता डॉ नंदा गुरुवारा, प्राचार्य महाविद्यालय पाटन ने की। विशिष्ट आतिथ्य देवेन्द्र ठाकुर, चन्द्र प्रकाश देवांगन, केवल देवांगन सदस्य जनभागीदारी सदस्य ,प्रो. वी.एम. साहू और डॉ गौरव शर्मा थे। मुख्य अतिथि श्री भाले ने अपने उद्बोधन में अपने जीवन की संघर्ष की कहानी स्वयं सेवकों बतलाकर प्रेरणा प्रदान की। प्राचार्य श्रीमती डॉ नंदा गुरुवारा ने स्वयंसेवकों के बौद्धिक परिचर्चा , योग, व्यायाम ,साफ सफाई , सांस्कृतिक कार्यकम की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डॉ गौरव शर्मा ने युवा को नशा से शरीर मे होने वाले दुष्परिणाम से ध्यानाकर्षण करते हुए प्रौद्योगिकी एवं आई टी के जोड़ते हुए व्यापार एवं बाजार से जोड़ा। अंत में धन्यवाद व आभार व्यक्त डॉ एस. के. भारती ने किया। सभी अतिथियों सहित स्वयं सेवकों को टी-शर्ट, कैप एवं गलब्स का वितरण किया गया। बौदिक चर्चा के पश्चात स्वयंसेवकों ने गामीण संपर्क के लिए निकल कर ग्रामीण से स्वास्थ्य, नशा, स्वच्छता, शिक्षा, यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र किया। शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवको ने स्वच्छता संबंधी नृत्य कर आमजन को मंत्रमुग्ध किए।




# कुम्हारी के कला साधकों को आज मिलेगा प्रतिष्ठित अगासदिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

- बालोद जिले के बघमार में होगा कंगला मांझी समारोह

आज बघमार में मांझी महोत्सव के मंच पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय दस व्यक्तियों को अगासदिया सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिनमे कुम्हारी के कलाकार महेश वर्मा को दुलार सिंह साव मंदराजी सम्मान एवं प्रख्यात कलाकार एवं गायक राजेन्द्र साहू को देवदास बंजारे सम्मान प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा आठ और कला साधकों का भी सम्मान किया जाएगा जिनका अपने अपने क्षेत्र में विशिष्ट योगदान रहा है। अगासदिया सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मंडावी होंगी। अध्यक्षता फुलवादेवी कांगे करेंगी। छत्तीसगढ़ शासन मत्स्य विभाग के संचालक नारायण नाग अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। हल्बा समाज के पूर्व अखिल भारतीय अध्यक्ष जी.आर राना अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।





पूर्व अध्यक्ष लोकसेवा आयोग बी.एल. ठाकुर, समाजसेवी बी.एल.ध्रुव तथा सचिव गौ सेवा आयोग डॉ. कार्तिकेय ध्रुव आयोजन में मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम संचालन आर. एस. उइके तथा कवि अशोक आकाश करेंगे। इस विराट महोत्सव में प्रदेष के आदिवासी समाजसेवी सहित सर्वसमाज के विशिष्टजनों की उपस्थिति रहेगी।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

# कांती ज्वेलर्स में खुलेगा उपहारों का पिटारा




**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक कोहका भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नववर्ष पर उपहारों की बरसात एवं नववर्ष धमाका ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 31 दिसंबर तक 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

# सर्दी बन रही 'साइलेंट किलर'-हर मिनट बढ़ रहा मौत का जोखिम



**भिलाई।** जैसे-जैसे ठंड अपने चरम पर पहुंच रही है, दिल के मरीजों के लिए खतरा तेजी से बढ़ गया है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, सर्दियों में हृदय संबंधी मौतों में 26 से 36 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की जाती है, और हर 1 डिग्री तापमान गिरने पर हार्ट अटैक का खतरा करीब 2 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यही वजह है कि दिसंबर-जनवरी के महीनों को हृदय रोग विशेषज्ञ सबसे खतरनाक मौसम कहते हैं। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बख्शी बताते हैं कि ठंड के असर से शरीर की रक्त-वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ता है, खून गाढ़ा होता है और ब्लड क्लॉट बनकर हार्ट अटैक व स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक आयु वाले, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल या मोटापे से जूझ रहे मरीजों के लिए यह मौसम बहुत जोखिम भरा है।

डॉ. बख्शी ने कहा हैं कि कड़ाके की सर्दी में सुबह-सुबह वॉक या भारी एक्सरसाइज से बचें, क्योंकि इसी समय हार्ट अटैक की घटनाएँ सबसे अधिक रिपोर्ट होती हैं। उनकी सलाह है कि रोगी गर्म कपड़े पहनें, बीपी और शुगर की नियमित जांच करें, घर के अंदर हल्की एक्सरसाइज करें, धूम्रपान-शराब से दूरी बनाएँ, और पर्याप्त पानी पीना न भूलें। वह कहते हैं कि अगर सीने में दर्द, साँस फूलना, ठंडा पसीना, चक्कर या कमजोरी महसूस हो तो इसे नजरअंदाज न करें, तत्काल अस्पताल पहुंचे। ज़रा-सी देर भी जानलेवा साबित हो सकती है। 'सर्दी के मौसम में दिल की सुरक्षा के लिए जागरूकता और समय पर उपचार ही सबसे बड़ा हथियार है।'

# सौंदर्यीकरण के लिए हुआ किकिरमेटा में भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

ग्राम पंचायत किकीरमेटा मे पचरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया। कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने इस दौरान कहा कि खारून नदी के तट मे बसे किकीरमेटा मे सांसद निधि द्वारा. 10 लाख के पचरीकरण सौंदर्यीकरण का एक हिस्सा है, जो जल स्त्रोतों को मजबूत करता है, जबकि सौंदर्यीकरण उस पूरे क्षेत्र को विकसित करके उसे सुंदर और उपयोगी बनाता है। समारोह में नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन,लालेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष पाटन, देवकी जेठूराम निषाद सरपंच किकीरमेटा, तेजराम चक्रधारी पंच,मोतीराम निषाद, महेंद निषाद, पावन चक्रधारी,शकुंतला चक्रधारी,पुष्प निषाद, उर्वशी निषाद, लेखपाल सिन्हा, कुंवरसिंह निषाद, कौशल गंजीर, अभिषेक सेन मंचासिन रहे।



## कर्मचारी संगोष्ठी और सम्मान समारोह कल

**पाटन।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज द्वारा कर्मचारी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन 7 दिसंबर रविवार को किया जा रहा है। कुर्मी सामुदायिक भवन पाटन में सुबह 11 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में गृह निर्माण मंडल के अधीक्षण अभियंता हेमंत वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि नरेंद्र बंछोर चेयरमैन स्टील एक्जीक्युटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं प्रेसीडेंट बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन भिलाई स्टील प्लांट उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता पाटन राज के राजप्रधान युगल आडिल करेंगे। विशिष्ट अतिथि कमल वर्मा संयोजक, अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ मौजूद रहेंगे। इनके अलावा, विशेष अतिथियों में सनत वर्मा उप कुलसचिव पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर, हेमुराम वर्मा व्याख्याता, आई.आई.टी. भिलाई, नकुल वर्मा उप संचालक धमतरी हेमंत वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी पाटन, सुनील वर्मा इंकम टैक्स ऑफिसर रायपुर




# प्रिज्म कॉलेज में एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

प्रिज्म कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान से रक्त दान एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 06 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक प्रिज्म संस्थान में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रकला जोशी, एमबीबीएस, एमडी, एसोसिएट प्रोफेसर, पैथोलॉजी विभाग, एआईएमएमएमसीआर, भिलाई होंगी। विशेष अतिथि- अनिल जोशी, सेवानिवृत्त सीजीएम यूटिलिटी, भिलाई स्टील प्लांट, भिलाई उपस्थित रहेंगे। इस शिविर में नेत्र परीक्षण, दंत जांच, रक्त शर्करा, रक्त समूह, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप इत्यादि की निशुल्क जांच की जाएगी। शिविर में रुंगटा डेंटल कॉलेज अपनी सेवाएं देंगे। शिवनाथ ब्लड सेंटर द्वारा रक्त दान शिविर का संचालन किया जायेगा। कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष रूपेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर ख्याति साहू और प्रिंसिपल सीमा कश्यप के मार्गदर्शन में क्रियान्वित किया जायेगा। संस्थान के शिक्षक आकाश चंद्रवंशी, खिलेंद्र कुमार ठाकुर और लक्ष्मीकांत साहू इस पूरे शिविर का संचालन करेंगे। इच्छुक लोग उपस्थित होकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले सकते हैं।

## लोधी भवन कोहका में होगा आयोजन

# लोधी क्षत्रिय समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन दिसंबर के अंत में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई और दुर्ग के तत्वावधान में दिसंबर के अंत में राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन लोधी भवन कोहका में आयोजित किया जायेगा। जिसके लिए तैयारियां शुरु कर दी गई है।

पिछले दिनों भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई और दुर्ग के अध्यक्ष उत्तम चंदेल का छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य निर्वाचित होने पर समाज की ओर से उन्हें लोधी भवन कोहका में सम्मानित किया गया। पूर्व में श्री चंदेल दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। सम्मान समारोह के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह में युवक युवती परिचय सम्मेलन लोधी भवन कोहका में आयोजित किया जायेगा। उत्तम चंदेल के सम्मान समारोह में उपस्थित समाज के विशाल राम वर्मा, उपाध्यक्ष राजेश जंघेल, महासचिव रामावतार चंदेल, कोषाध्यक्ष मनीराम वर्मा, अंकेक्षक अलखराम वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विभिन्न इकाई के पदाधिकारियों में पुष्पा जंघेल, सरजू राम कौशिक, दीपक जंघेल, जतन दमाहे, अशोक वर्मा, सुमन वर्मा, राजेंद्र जंघेल, विजय जंघेल, मेहतरू राम वर्मा, नंदकिशोर कौशिक, रूपेंद्र वर्मा, कृष्ण कुमार जंघेल, दिलीप वर्मा, योगेश वर्मा, विनोद वर्मा, रामेश्वर वर्मा, बेणीराम जंघेल, सुरेंद्र वर्मा, लोकेश वर्मा, कमलेश वर्मा, तुकाराम वर्मा, फतेहलाल जंघेल, गणेश चंदेल, नंदकुमार वर्मा, नरेश वर्मा सहित अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सदत रफत खान आ. रफत रशीद खान निवासी रहमत कदा छत्तीसगढ़ कालेज के पास बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) के द्वारा भूस्वामी/विक्रेता रवि शर्मा आ. राधेश्याम शर्मा निवासी पंजाब ऑइल मिल गली शिव मंदिर के पास रामसागर पारा रायपुर (छ.ग.) के नाम, स्वामी, कब्जा की ग्राम बेलौदी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 698 रकबा 0.11 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा ब्याना रकम दिया जा चुका है।

अतः उक्त खरीदी बिक्री से किसी भी शासकीय, अर्ध शासकीय, वित्तीय निकाय, गैर शासकीय, व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज के लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में मिलकर प्रस्तुत कर सकते है समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का अपने या अन्य के नाम पर रजिस्ट्री करायेगा, रजिस्ट्री बैनामा करा लेने के पश्चात किसी भी प्रकार का उजर आपत्ति अमान्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जानें।

भवदीय
दिनेश वर्मा तारणी यादव
(अधिवक्तागण)
निवासः- ग्राम पंदर तहसील पाटन
आफिसः- व्यवहार न्यायालय, पाटन जिला दुर्ग
मो.नं.- 9907974201, 9109313567

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार संजीत कुमार विश्वकर्मा पिता - श्री आर.डी. विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष, निवासी- स्टेशन मरोदा उतई रोड, जिला-दुर्ग छ.ग. ने भूमि विक्रेता श्रीमती केसरी बाई गायकवाड़ पति राम सिंह गायकवाड़ उम्र- 63 वर्ष निवासी-गाम-उमरपोटी के नाम पर उनके हक व स्वामित्व की भूमि मौजा-ग्राम-झुमरडीह प.ह.नं-51 रा.नि.मं.- उतई तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. में स्थित जिसका खसरा नं.-384 /1 रकबा 2.39 हे. कृषि भूमि स्थित है केता द्वारा उक्त भूमि की कय करने का सौदा किया गया है। जिसके अनुसार मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता से क्रय करने का अनुबंध किया गया है अग्रिम प्रतिफ्ल राशि का भुगतान भी विक्रेता को कर दिया गया है एवं मेरे पक्षकार के द्वारा शीघ्र ही उपरोक्त वर्णित भूमि का पंजीयन अपने अथवा अपने निर्देशित व्यक्ति के पक्ष में विक्रेता पक्षकार को पूर्ण प्रतिफ्ल का भुगतान करवा लिया जायेगा।

अतः उपरोक्त सौदा अथवा संव्यवहार वर्णित भूमि के दखल दावा आधिपत्य से संबंधित जिस किसी आम व खास को कोई दावा या आपत्ति होवे इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मय प्रमाण (दस्तावेज) के साथ मेरे पक्षकार संजीत विश्वकर्मा से सम्पर्क करे। उपरोक्त 15 दिनों की अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय बैनामा पंजीयन करवा लेने के उपरांत किसी व्यक्ति, फर्म, निगम संस्था, निकाय, बैंक या अन्य के द्वारा दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की दशा मेरे पक्षकार पर विधि अनुसार बंधनकारी नही होवेगा। सो सूचना जानें।

स्थानः- दुर्ग. दिनांक-04/12/2025

भोला साहू
"अधिवक्ता", 7440736687
प्रतिलिपित विभाग के सामने,
कक्षा क-08,जिला न्यायालय
दुर्ग (छ.ग.)
मोबा. नं. - 9827915664

### नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती साक्षी प्रहरी पति श्री प्रमोद प्रहरी, उम्र 42 वर्ष, निवासी-103/ए, रुआबांधा सेक्टर, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग छ.ग., की हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ।

यह कि मैं उपरोक्त दर्शित पते कि निवासी हूँ। यह कि मेरा विवाह श्री प्रमोद प्रहरी पिता श्री राम सिंह प्रहरी के साथ हुआ है। यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम साक्षी आ. श्री रविन्द्र सिंगल दर्ज है। जो कि सही व सत्य है। यह कि मेरे विवाह के पश्चात से मेरा नाम श्रीमती साक्षी प्रहरी पति श्री प्रमोद प्रहरी हो गया है।

यह कि साक्षी प्रहरी (SAKSHI PRAHARI) व साक्षी (SAKSHI) यह दोनों मेरे स्वयं के ही नाम है मेरे स्वयं के नाम को संशोधन कर जहाँ कहीं पर भी मेरे नाम की आवश्यकता हो वहाँ पर मेरा वास्तविक व सही नाम साक्षी प्रहरी (SAKSHI PRAHARI) को ही अंकित एवं मान्य किया जाये तथा मैं साक्षी प्रहरी (SAKSHI PRAHARI) के नाम से ही जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूँ।

यह कि मेरे भविष्य के समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य प्रमाण पत्रों में मै अपना नाम श्रीमती साक्षी प्रहरी पति श्री प्रमोद प्रहरी दर्ज करवाना चाहती हूँ। एवं नाम से ही भविष्य में जानी/पहचानी/ पुकारी जाउंगी। अतः यह शपथ पत्र में वर्णित जानकारी सही व सत्य होने के प्रमाण में श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करती हूँ।

श्रीमती साक्षी प्रहरी
शपथकर्ती



## खबर संक्षेप



### मोहोनीश मल्लिक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परेड में हुए शामिल

**भिलाई।** कैडेट मोहोनीश मल्लिक मोन्नप्पा पुणे स्थित खडकवासला के राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। 149वें ऑटम कोर्स की इस भव्य पासिंग आउट परेड में 328 कैडेट्स शामिल हुए। इसमें केन्या, तंजानिया, श्रीलंका, भूटान, फिजी और फिलीपींस जैसे मित्र देशों के 20 युवा मौजूद थे। भिलाई के कैडेट मोहोनीश की माता देचम्मा मल्लिक एक गृहिणी हैं। उनके पिता सुरजीत मल्लिक बीएसपी में उप-महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। खेल और कला दोनों में दक्ष, कैडेट मोहोनीश एनडीए के फॉक्स्ट्रॉट स्क्वॉड्रन के फुटबॉल-इन-चार्ज भी रहे और इंटर-स्क्वॉड्रन प्रतियोगिता में टीम को चौथा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगीत में रुचि रखते हुए वे एनडीए के प्रतिष्ठित म्यूज़िक कॉयर का भी हिस्सा रहे। यह व्यापक प्रतिभा भिलाई और बीएसपी के उस वातावरण को रेखांकित करती है जो बच्चों को विविध अवसर और समृद्ध एक्सपोज़र प्रदान करता है। सूडान ब्लॉक पर प्रकाश-संगीत शो, बॉम्बे स्टेडियम में इक्विटेशन व जिमनास्टिक प्रदर्शन, सलारिया स्क्वॉयर पर सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम की अनूठी प्रस्तुति, और मात्र 300 फीट की ऊंचाई पर तीन सुखोई-30 एमकेआई विमानों की रोमांचक फ्लाई-पास्ट किया गया।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को किया याद

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा नवम्बर में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा एवं उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया गया। सेफी चेयरमेन और आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा उपाध्यक्ष द्वय संतोष सिंह, रेमी थॉमस, प्रहलाद मौर्य, उपस्थित थे।

# 5214 किसानों ने अब तक बेचा 1,15,550.48 मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 21896 किसानों से 1,15,550.48 मिट्रिक टन धान खरीदी हुई है जिसकी लागत राशि 27,4050.48 लाख रूपए है। शासन की पारदर्शी व्यवस्था और तुंहर टोकन के अंतर्गत किसानों को सहुलियतें मिल रही हैं और वे निर्धारित तिथि अनुसार धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहे हैं।

वहीं उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों के लिए समुचित प्रबंध की गई है। धान खरीदी के लिए केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था है। अब तक 5,214 किसानों ने 90.22 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 6,16,435 मिट्रिक टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित है।



## धान खरीदी को लेकर किसान परेशान, आप करेगा प्रदर्शन

जिले सहित प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी चल रही है। धान खरीदी की रफ्तार काफी धीमी है। इसके अलावा लोगों को ऑनलाइन टोकन, पंजीयन से लेकर अन्य प्रकार की परेशानी उठानी पड़ रही है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि पहले बीज और खाद देने में लापरवाही बरती गई। अब समय पर किसानों को टोकन मिल रहा है। न ही पूरे रकबे के हिसाब से तौलाई हो रही है। गिरदावरी और अनावरी रिपोर्ट का हवाला देकर कम धान खरीदा जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्ग मे पिछले 15 दिन मे 10.39 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई हैं, जो बहुत ज्यादा कम है। हर दिन 1 लाख 37 हज़ार क्विंटल धान खरीदना होगा, जो वर्तमान सरकारी व्यवस्था मे संभव नहीं लगता। उन्होंने कहा कि धान बेचने के दौरान किसानों के कर्ज को किसानों की सहमति से ही काटा जाए। धान खरीदी के दौरान तौल की मात्रा 600 ग्राम से ज्यादा अतिरिक्त ना हो जुट बोरे में यदि तौल हो रहा है। सोसाइटी में पिछले वर्ष कितने किसानों ने धान बेचा था। इस वर्ष कितने किसान बेच पाएंगे। पिछले साल कुल कितने रकबे में खरीद पूरे सोसाइटी में हुई थी। सरकार किसान की समस्या का समधान नहीं करती तो 12 दिसंबर को आम आदमी पार्टी दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

## दुर्ग, धमधा और पाटन के स्कूलों में शिविर के लिए शेड्यूल जारी

# स्कूलों में विद्यार्थियों का होगा आधार कार्ड अपडेट, 93 विद्यालयों से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के 93 विद्यालयों में मेनडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन कार्य किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिविर लगाने की हिदायत दी है। विभिन्न तय स्कूलों में निर्धारित तिथि पर शिविर लगाए जाएंगे। यहां अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं के आधार अपडेशन (मेनडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट) होंगे। सभी प्राचार्य को अपने स्तर पर पहले ही बच्चों के (मेनडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट) एवं अन्य डेमोग्राफिक अपडेशन से सबंधित दस्तावेज बच्चों से मँगवाने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि शिविर वाले दिन समस्त छूटे हुए बच्चों का आधार अपडेशन का कार्य किया जा सके। यूआईडीएआई के रेटलिस्ट अनुसार एक वर्ष तक अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क निर्धारित किया गया है। दुर्ग, धमधा व पाटन ब्लॉक के स्कूलों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।




### धमधा ब्लॉक में यहां शिविर

विकासखण्ड धमधा के भारती विद्यालय एमएस कुम्हारी में 16 से 19 दिसंबर, कोशल हाईयर सेकण्डरी स्कूल कपसदा और सीजी पब्लिक स्कूल नंदिनी नगर में 8 से 10 दिसंबर तक, पीवीटी. ग्लोबल पब्लिक स्कूल कपसदा में 11 से 13 दिसंबर, (पीवीटी) एस.जी.एम. पब्लिक स्कूल, बोरी व पीवीटी. किशोर पब्लिक स्कूल लिटिया-सेमरिया में 8 से 9 दिसंबर , पीवीटी सरस्वती ज्ञानदीप मंदिर सेमरिया लिटिया में 10 दिसंबर को, (पीवीटी) सरस्वती शिशु मंदिर जरवाय में 8 से 9 दिसंबर , पीवीटी श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल पावर ग्रिड कुम्हारी में 11 से 15 दिसंबर , स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी मीडियम स्कूल नंदिनी खुंदिनी में 8 से 10 दिसंबर , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कपसदा में 15 से 17 दिसंबर तक, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल लिटिया में 11 व 12 दिसंबर , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल अहेरी , पीवीटी मानसरोवर विद्यालय जंजगिरी , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल घोटवानी में 8 से 10 दिसंबर , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गिरहोला में 9 दिसंबर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल, देवरी में 8 से 10 दिसंबर तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

### दुर्ग ब्लॉक में यहां लगेंगे शिविर

विकासखण्ड दुर्ग में पीवीटी कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर भिलाई में 8 से 15 दिसंबर तक, पीवीटी साई पब्लिक स्कूल कैंप-2 भिलाई में 16 से 19 दिसंबर तक, पीवीटी. क्रिसेंट पब्लिक स्कूल फरीद नगर सुपेला भिलाई में 8 से 11 दिसंबर , पीवीटी महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल मुक्तिधाम भिलाई में 15 से 17 दिसंबर , पीवीटी जी.बी.एन. पब्लिक स्कूल में 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी मदर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जवाहर नगर दुर्ग में 8 से 10 दिसंबर , शकुंतला विद्यालय राम नगर भिलाई में 10 से 12 दिसंबर , पीवीटी एम.जे. स्कूल, न्यू आर्य नगर जेवरा सिरसा रोड कोहका भिलाई में 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी किशोर पब्लिक स्कूल आदित्य नगर दुर्ग,पीवीटी आदर्श विद्यालय नागपुरा में 11 से 12 दिसंबर तक, पीवीटी असरफिया आई.टी. किड्ज़ केलाबाड़ी दुर्ग में 8 से 10 दिसंबर , प्रकाश पब्लिक स्कूल में 16 से 17 दिसंबर , पीवीटी. ईपीएस बेलौदी (अंग्रेजी माध्यम) में 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी. ज्ञान पब्लिक स्कूल न्यू खुर्सीपार में 15 दिसंबर को, दीक्षा पब्लिक स्कूल नेवईभाठा में और पीवीटी वाणी रियल टैलेंट एकेडमी नयापारा-1 दुर्ग में 8 से 9 दिसंबर , पीवीटी. एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल सुभाष नगर दुर्ग में 10 से 11 दिसंबर ,पीवीटी शारदा विद्यालय में 10 से 11 दिसंबर , भिलाई पब्लिक स्कूल में 8 दिसंबर को, कमला पब्लिक स्कूल , पीवीटी उदय इंग्लिश मीडियम स्कूल छावनी दुर्ग में 10 से 11 दिसंबर , पीवीटी द्रोणाचार्य स्कूल उतई में 8 व 9 दिसंबर 2025 तक शिविर लगेंगे।

### पाटन ब्लॉक में यहां शिविर

विकासखण्ड पाटन में निवेदिता हायर सेकेंडरी स्कूल देवबलोदा में 17 से 20 दिसंबर , नीतू विद्यालय दादर चरोदा ,आरके पब्लिक स्कूल जामगांव,प्राइ. न्यू विजन स्कूल मर्रा पाटन , शास. हायर सेकण्डरी स्कूल उरला में तक 8 से 10 दिसंबर , पीवीटी. मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन व प्राइ. सरस्वती शिशु मंदिर तरीघाट में 8 से 9 दिसंबर, ज्ञान पब्लिक स्कूल भिलाई 3 में 11 व 12 दिसंबर , पीवीटी. प्राइ. श्री किड्स स्कूल भिलाई 3 में 15 व 16 दिसंबर , प्राइ. दिव्य संस्कार विद्या मंदिर अमलेश्वरडीह में 8 व 9 दिसंबर , प्राइ. श्री संजीवनी पब्लिक स्कूल दुर्गा नगर अमलेश्वरडीह में 10 व 11 दिसंबर , ,ज्योति इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल में 11 से 15 दिसंबर तक, प्रयास रेसीडेन्सियल स्कूल कुम्हारी परसदा पाटन में 11 व 12 दिसंबर ,, स्वामी आत्मानंद शास. इंग्लिश मेडियम स्कूल चरोदा बीएमवायवाय में 8 से 12 दिसंबर , स्वामी आत्मानंद शास. हिन्दी मेडियम स्कूल देवादा में 13 व 14 दिसंबर को शिविर लगेगा।

# तीन सूदखोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक अब भी है फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 351(3), 308 (2),111, 3(5) बीएनएस, छत्तीसगढ़ ऋणीयों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सेक्टर 7 निवासी ओम प्रकाश, सेक्टर 1 भिलाई प्रदीप नायक, तालपुरी भिलाई नगर एम कृष्णा रेड्डी के द्वारा गैंग बनाकर डरा धमकाकर पीड़ित से उधार दिए रकम को 4 गुना वसूलते थे। पीड़ित को सेवानिवृत्ति में मिले रकम को हड़पने की साजिश रच रहे थे। तीनों के पास से पुलिस को विभिन्न बैंक का चेक, एग्रीमेंट के दस्तावेज मिले है। तीनों सूदखोरों से परेशान होकर पीड़ित ने भट्ठी पुलिस में लिखित में शिकायत किया था। पीड़ित के मुताबिक घरेलू कार्य के लिए कुछ रुपए की आवश्यकता होने पर आरोपी प्रदीप नायक से रुपए का डिमांड किया। प्रदीप नायक ने एम कृष्ण रेड्डी उर्फ सोनू के माध्यम से जयदीप सिंह नामक व्यक्ति से 28 फरवरी 2025 को तीन लाख रुपये ब्याज में दिलाया। आरोपियों ने बंधक के रूप में प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर 2 का 5 नग कोरा चेक ,दो पेपर पर एग्रीमेंट हस्ताक्षर कराया गया था। जून 2025 में जयदीप सिंह को ब्याज समेत पूरी रकम वापस करने के बाद भी जयदीप सिंह ब्याज बचे होने का हवाला देकर पीड़ित का चेक एवं एग्रीमेंट पेपर नहीं लौटाया।

- भट्ठी पुलिस ने दर्ज किया अपराध

### 9 लाख कैश खाते में जबरन कराया ट्रांसफर

पुलिस ने बताया कि 30 नवम्बर को पीड़ित बीएसपी से सेवानिवृत्त होने पर 3 दिसंबर को पत्नी के साथ महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर 2 पहुंचे। जहां खाते में मिले रकम को दूसरे खाते में ट्रांसफर करने पीड़ित गया था। आरोपी जयदीप सिंह, कृष्ण रेड्डी ,प्रदीप नायक 8-10 गुर्गो के साथ बैंक पहुंचे। जहां ब्याज में लिया उधारी रकम लौटाने दबंगई दिखाते हुए पीड़ित की पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगे। इसके अलावा जान से मारने तक की धमकी दिया। धमकी व डराकर पीड़ित से 9 लाख रुपए को आरटीजीएस के माध्यम से और कैश 1 लाख कुल 10 लाख रुपए जबरन आरोपियों ने अपने परिचितों के खाते में ट्रांसफर करा लिया। खाते से 9 लाख रुपए मिलने पर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड पर जेल भेजा गया। मामले में जयदीप मौके से फरार है उसकी तलाश में पुलिस जारी है।

# यातायात पुलिस ने चलाया सेवा और जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को मनसा कॉलेज कुरुद में कॉलेज स्टाफ, एचडीएफसी बैंक, हाईटेक हॉस्पिटल तथा यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर न केवल रक्तदान किया बल्कि स्वास्थ्य शिविर में अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए समाज के प्रति सेवा-भाव और मानवीय कर्तव्य का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में यातायात पुलिस के जवानों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा-भाव और कर्तव्यनिष्ठा का सराहनीय संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7.30 बजे आयोजित क्रॉस-कंट्री मैराथन से हुआ, जिसमें हजारों युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा सड़क सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए हेलमेट का वितरण भी किया गया, जिससे नागरिकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जा सके। साथ ही शिविर में उपस्थित सभी नागरिकों के बीच यातायात जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इसमें ड्रिंक एंड ड्राइव न करने, हमेशा हेलमेट पहनने, रैश ड्राइविंग व ओवरस्पीडिंग से बचने तथा यातायात नियमों का नियमित पालन करने विशेष रूप से समझाइश दी गई।

- रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन एवं ट्रैफिक अवेयरनेस का दिया संदेश

### पुलिस के जवानों ने किया रक्तदान, पोस्टर का विमोचन



# राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन में सेल की सभी इकाइयों में बीएसपी रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल–बीएसपी ने राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के अंतर्गत संचालित लार्ज स्केल जन सेवा प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेल की सभी इकाइयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 28 नवम्बर तक भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 73 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कुल 2563 कर्मचारियों को कवर किया गया है, जो पूरे सेल में सर्वाधिक है और बीएसपी को शीर्ष प्रदर्शनकारी इकाई के रूप में स्थापित करता है। राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन, जिसे भारत के प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर 2020 में प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य सरकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों में आधुनिक कार्य-दृष्टि, नागरिक-केंद्रित सोच, दक्षता, संवेदनशीलता और सेवा-भाव को विकसित करना है। इस मिशन का संचालन क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) द्वारा किया जा रहा है। बीएसपी ने इस राष्ट्रीय मिशन को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षण गतिविधियों को तेज गति से विस्तार दिया है। संयंत्र के 2 लीड ट्रेनर- उप महाप्रबंधक यशवंत जौहरी व उप महाप्रबंधक नीरजा शर्मा के साथ 63 प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स इन मॉड्यूल्स को औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप, सरल, व्यावहारिक एवं कार्यस्थल पर सीधे लागू होने योग्य स्वरूप में कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। मानव संसाधन विकास केंद्र एवं बीएमडीसी में प्रतिदिन 60-70 कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर अधिकतम कार्यबल को त्वरित रूप से कवर किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कर्मचारियों और अधिकारियों ने बताया कि मिशन कर्मयोगी के सत्रों ने उनकी कार्यशैली में ठोस और सकारात्मक बदलाव लाए हैं-चाहे वह निर्णय क्षमता हो, समस्या समाधान कौशल, टीमवर्क, समय प्रबंधन, संवाद क्षमता या नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण। यह प्रशिक्षण उनके दैनिक कार्यों में दक्षता और स्पष्टता बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ है।



### परेशान युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि अंडर ब्रिज रेलवे क्रॉसिंग सुपेला के पास होडिंग में चंद्रभान विश्वकर्मा नामक ने होर्डिंग बोर्ड पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चंद्रभान मूल रूप से बालोद जिले के ग्राम चोरेल का रहने वाला था। पिछले पांच वर्षो से सुपेला में निवास कर रहा था। कुछ दिन पहले ही उसकी मां का निधन हो गया। तब से खासा परेशान चल रहा था। संयोग से उसकी मां का दशगात्र कार्यक्रम भी शुक्रवार को था। शाम को लोगों ने चंद्रभान का शव होर्डिंग पर लटका मिला। मौके से एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें मां के मौत के बाद परेशान रहने का उल्लेख किया है। शव को पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## जोन 5 के अंतर्गत सुविधाओं का किया निरीक्षण

# आयुक्त ने दिए अवैध होर्डिंग हटाने और सुविधा संधारण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को ज़ोन-5 के सेक्टर 10 अंतर्गत विभिन्न नागरिक सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, क्रिकेट कोर्ट, अवैध होर्डिंग, यात्री प्रतीक्षालय और नाला सफाई कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने ज़ोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ सेक्टर 10, सड़क 03 पर बने बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था के लिए लगे विद्युत पोल और मेट के तत्काल संधारण का निर्देश दिये। समीप के क्रिकेट कोर्ट की रेलिंग पर एक हॉस्पिटल के नाम से लगे बोर्ड को हटाकर उसके स्थान पर नगर निगम भिलाई का बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

### सेक्टर 10 से अवैध होर्डिंग्स हटेगा

सेक्टर 10 'ए' मार्केट से लगी सड़क किनारे लगे अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त महोदय ने स्पष्ट किया कि नगर पालिक निगम अधिनियम एवं शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए महापौर परिषद की बैठक में संकल्प पारित किया गया है कि सभी अवैध होर्डिंग हटाए जाएं। भविष्य में होर्डिंग लगाने से पहले नगर निगम भिलाई से अनिवार्य रूप से अनुमति लेना आवश्यक है।



### यात्री प्रतीक्षालय का जल्द होगा उद्घाटन

सेक्टर 10 'ए' मार्केट रोड किनारे पार्षद अभय सोनी की निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का भी अवलोकन किया गया, जिसका जल्द ही उद्घाटन किया जाना है। पार्षद निधि से जनहित के अच्छे कार्य के लिए हर्ष व्यक्त किये। पार्षद प्रतिनिधि अनिल सिंह द्वारा कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का भी निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया और कार्य की सराहना किए।

### बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण

सड़क 25 पर निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का भी निरीक्षण किया गया तथा उसमें आवश्यक संधारण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, शंकर सुवन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, सूर्या सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुविधाओं का संधारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शहर की सुंदरता को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


स्टूडेंट्स ने दी शानदार नृत्य की प्रस्तुति



## लाइव इवेंट

### वरिष्ठ अधिवक्ता हुए सम्मानित, दिव्यांगों के विधिक प्रावधानों पर किया विचार



**भिलाई।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय निःशक्तजन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर अनेक जनजागरूकता शिविरों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

- अंतर्राष्ट्रीय नि :शक्तजन दिवस पर पूरे जिले में जागरुकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन के निर्देशानुसार प्रथम कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में अधिवक्ता दिवस और अंतर्राष्ट्रीय निःशक्तजन दिवस को संयुक्त रूप से मनाया गया। जहां नए सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायाधीश, अधिवक्ताओं और अभियोजन अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया और निःशक्तजनों के अधिकारों, उनकी समस्याओं और उन्हें प्रदत्त विधिक प्रावधानों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में आयोजित दूसरे कार्यक्रम में शासकीय तिलक उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में 7 मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। उनके द्वारा विद्यार्थियों को निःशक्तजन दिवस का महत्व, नशे के दुष्प्रभाव, संविधान में निहित अधिकार एवं कर्तव्य, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर तथा गुड टच–बैड टच के महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। बच्चों ने न्यायाधीश से अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर उन्होंने सरल और सहज भाषा में देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके साथ ही शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई दुर्ग में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तीन अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को निःशक्तजन से संबंधित विधिक अधिकारों, नशामुक्ति और विभिन्न निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर जनजागरूकता के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दिया। जिले में आयोजित सभी कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता, संवेदनशीलता और विधिक साक्षरता की दिशा में सार्थक और प्रभावशाली रहा।

## सिटी इवेंट

### एड्स पीड़ितों के बारे में बताए कानूनी अधिकार, रंगोली में दर्शाया रोकथाम



**भिलाई।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा ग्राम दरबार मोखली के शासकीय हाई स्कूल में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर किया गया।

- विश्व एड्स दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग का दरबार मोखली गांव में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव ने उपस्थित विद्यार्थियों को एड्स व एचआईवी से संबंधित भ्रम, जागरूकता, रोकथाम तथा इससे जुड़े कानूनी अधिकारों के बारे में सरल भाषा में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव करना कानूनन दंडनीय है। एचआईवी रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम 2017 के तहत संक्रमित व्यक्तियों को गोपनीयता, उपचार, शिक्षा, रोजगार एवं समान व्यवहार प्राप्त करने का अधिकार है। किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग से निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव ने संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य तथा भारतीय लोकतंत्र की आधारभूत संरचना के बारे में भी विस्तार पूर्वक समझाया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बच्चों की सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों और अपराध की गंभीरता के बारे में जागरूक किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव ने नशा उन्मूलन पर विशेष जोर देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और पूरे समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों, बैंकिंग धोखाधड़ी, ओटीपी साझा करने के जोखिम और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के उपायों से भी अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विश्व एड्स दिवस से संबंधित आकर्षक और संदेशप्रद रंगोली बनाई गई। शिविर के बाद पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस से जुड़े विषयों पर अत्यंत आकर्षक, प्रभावशाली और जागरूकता बढ़ाने वाली पेंटिंग प्रस्तुत की। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, समझ और जागरूकता उनके कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जो कार्यक्रम के आकर्षण का अभिन्न अंग रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

---

● बीएड की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं के लिए फ्रेशर और फेयरवेल में आंखे हुई नम

# फ्रेशर और विदाई पार्टी सफ़रनामा में मचाया धमाल, बॉलीवुड री-मिक्स में झूमें, कॉलेज के अनुभवों को शेयर कर यादों को संजोया

**भिलाई। भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में बी.एड. की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं के लिए फ्रेशर और विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। क्लासीकल डांस और बालीवुड डांस संवार लूं.... जैसे नए-पुराने गीतों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुती दी। इन गानों पर सभी सीनियर और जूनियर के साथ प्राध्यपिकाओं ने भी जमकर डांस किया। कार्यक्रम के दौरान कई मनोरंजक गेम्स खेले गए और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। फ्रेशर पार्टी में मिस ऑलराउंडर तनु कोसे, मिस फेयरवेल खुशबू पटेल और मिस फ्रेशर भव्यता साहू को खिताब मिला। कार्यक्रम में अंत में सभी की आंखे नम रही और सभी इस पल को यादगार बनाने दोस्तो और प्राध्यापिकाओं के साथ खूब सेल्फी ली। हमेशा साथ रहने का वादा करते हुए सीनियर्स ने विदाई ली। इस आयोजन में भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस, शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।**





### गुरु-शिष्य परंपरा के भाव से आगे बढ़ें

प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा के साथ साथ हमें अपनी संस्कृति को भी आत्मसात करना चाहिए। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिष्यों को अपने गुरुओं के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। जो गुरु-शिष्य परंपरा के भाव से आगे बढ़ते है, वे अपने जीवन में कभी असफल नहीं होते और निरंतर प्रगति की राह में अग्रसर होते है।कार्यक्रम का संचालन बी.एड.तृतीय सेमेस्टर की छात्रा काजल सुधाकर और अस्मिता दुबे ने किया। कार्यक्रम में प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी। जिसमें वेलकम सांग सहित बॉलीवुड रिमिक्स संवार लूं.... गीतों में बी एड तृतीय सेमेस्टर की अस्मिता पटेल, विजया सिंह, वंशी सिन्हा और नीलम ने नृत्य की प्रस्तुति दी। तृतीय सेमेस्टर की ही प्रियंका सिंह ने क्लासिकल डांस किया।

### अनुभव किये साझा बने विजेता

बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं तृप्ति साहू और विजया सिंह ने अपने दो वर्षों के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं में मिस क्रिएटिव दीप्ति ध्रुव, मिस ऑलराउंडर तनु कोसे, बेस्ट सीनियर काजल सुधाकर, मिस ब्यूटीफुल प्रियंका सिंह, मिस फेयरवेल खुशबू पटेल को मिला। बी.एड.प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं में मिस स्टाइल आइकॉन आकांशा बागमारिया, मिस प्रीटी पिंक इंदुरानी बरा, मिस रैंपवॉक आंचल उपाध्याय, मिस दिवा भूमिका शर्मा, मिस फ्रेशर भव्यता साहू को मिला। प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।





### शामिल होकर किया प्रोत्साहित

आभार प्रदर्शन गुंजिता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिकाएं डॉ.हेमलता सिदार, डॉ.भावना चौहान, नाजनींन बेग, आशा आर्य, काकोली सिंघा, सत्यम मिश्रा और रोमा टंडन का योगदान रहा। उप-प्राचार्य डॉ.आशारानी दास और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

---

# हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रतिभाओं को दिया हिंदू रत्न सम्मान, मिला स्मृति चिन्ह

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आयोजित हिंदू रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राम जन्मभूमि आंदोलन के जन नायक प्रखर हिंदुत्व के पुरोधा डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया उपस्थित थे।




डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया द्वारा मार्गदर्शन में सभी लोगों को चालीसा पाठ, हिंदू एकता, हिंदू सच्चे, इन बातों पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया को हिंदू कुल तिलक और परंपरागत भगवा साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, गौ सेविका भारती बेन मकवाना, राम सिंह ठाकुर बिलासपुर, अरविंद सिंह, प्रदीप को भी सम्मानित किया गया। समारोह में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा राव, संगठन मंत्री राहुल, मुकेश सोनकर मंत्री, दुर्ग जिला अध्यक्ष अमित मंगल, उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना, विभाग महामंत्री विजय मिश्रा, दुर्ग जिला प्रभारी विजय कुमार उईके, दुर्ग जिला मंत्री मनोज साव, भारत साहू, विधानसभा में मेहुल ठाकुर, निरंकार सिंह, राजकिशोर मिश्रा, शैलेंद्र सिन्हा, चित्तरंजन यादव, कविंद्र चौधरी सहित बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# छह महीने की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर अग्निवीर बने सुनील, हुआ स्वागत

**भिलाई।** भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर ग्राम सिल्ली परसूली के सुनील साहू ने अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया। वे अपनी छह महीने की कठिन ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उनके गांव लौटें। जहां अग्नवीर सुनील का गाजे-बाजे के साथ गांव वालों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सुनील एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता उत्तम साहू एक किसान हैं। कई वर्षों की कड़ी मेहनत और देशभक्ति की भावना के साथ उन्होंने भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में अपना स्थान बनाया। सुनील के गांव लौटने पर गांव सिल्ली में उत्सव जैसा माहौल था। ढोल-नगाड़ों की गूंज और डीजे की धुन पर ग्रामीण झूमते नजर आए। फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया और भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। गांव के बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक, सभी के चेहरों पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर बोरी लिटिया मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, मंडल उपाध्यक्ष सीताराम पटेल, भाजपा नेता अरविंद पटेल, गांव के सरपंच गणेश पटेल, उत्तम साहू सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने अग्निवीर सुनील साहू का पुष्पमाला, शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया।



---

सेवा के साथ सुरक्षा भी, मानसिक और विक्षितों को मिल रहा आश्रय

# फील परमार्थम - जहां संवेदनाओं को मिला संयंत्र का साथ, असहायों को सुरक्षित रखने बनाया बाउंड्रीवॉल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग–भिलाई की रफ़्तार भरी जिंदगी के बीच फील परमार्थम फाउंडेशन में लोग खुद-ब-खुद कुछ पल के लिए ठहर जाते है। जहां मानसिक रूप से अस्वस्थ, भटके हुए और असहाय लोगों के लिए फील परमार्थ के संस्थापक इंजीनियर अमित राज उनके जीवन का सहारा बने हुए है। आज फील परमार्थम सिर्फ एक आश्रय नहीं, बल्कि पुनर्वास, देखभाल और गरिमा का केंद्र बन चुका है। जहां समय-समय कई संस्थाएं सेवाकार्य करने पहुंचती है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र दवरा सेक्टर 3 फील परमार्थ संस्था में बांउड्रीवॉल का निर्माण कराया गया। दुर्ग और आसपास के 6 जिलों से भटके हुए और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति यहां लाए जाते हैं। उन्हें चिकित्सा सुविधा मिलती है, समय पर भोजन मिलता है, और सबसे महत्वपूर्ण एक सम्मानजनक वातावरण मिलता है। वर्तमान में यहां 89 लाभार्थी रह रहे हैं, जिसमें लगभग आधे पुरुष और आधी महिलाएं है। संस्था द्वारा अब तक उपचार व खोजबीन के बाद 50 से अधिक व्यक्तियों को उनके परिवारों से पुनर्मिलन कराया जा चुका है।



### इस तरह हुई थी सेवा कार्य की शुरुआत

23 वर्षीय इंजीनियर अमित राज ने 2018 में एक दृश्य देखा एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति कूड़े से खाना खोज रहा था। यह सिर्फ एक क्षण नहीं था, बल्कि वह सवाल था जिसने अमित के अन्तःकरण को झकझोड़ दिया। उन्होंने तय किया कि ऐसे किसी भी व्यक्ति को भूखा नहीं सोने देंगे। फ़ील परमार्थम फ़ाउंडेशन में मानसिक रूप से विक्षिप्त और असहाय लोगों की सुरक्षा करने आश्रय के लिए अमित ने भिलाई इस्पात संयंत्र से सहयोग मांगा और संयंत्र ने सेक्टर 3 में स्थान उपलब्ध कराया और वहीं खड़ा हुआ फील परमार्थम। एक ऐसा घर जो उन लोगों के लिए है जिनके पास कोई घर नहीं था। इस सेवा कार्य को आगे बढ़ाते हुए बीएसपी दवरा आश्रम के बाउंड्री वॉल को निर्माण कराया।



### सभी निभा रहे अपनी जिम्मेदारी

लगभग 22 सदस्यीय स्टाफ, नर्स और देखभालकर्ता इस आश्रय को सिर्फ सेवा का स्थान नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी की तरह निभाते हैं। अमित बताते हैं कि बीएसपी के सहयोग के बिना इतने लोगो का जीवन बदल पाना संभव नहीं हो सकता था। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए आश्रम का बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया। जहां संयंत्र के अधिकारी, कर्मचारी और भिलाई के व्यवसायी भी स्वेच्छा से आगे आकर सहयोग दे रहे हैं। जहां समय-समय पर कपड़े, दवाई सहित कई जरुरत के सामान का वितरण कर इस परमार्थ के कार्य को आगे बढ़ा रहे है।



## धर्म इवेंट

# गलत विचारों से दूर रहकर मनुष्य जीवन को धन्य बना सकता है



■ बिना आश्रय कोई स्थिति नहीं - संत निरंजन महाराज

■ तप आधार सब सृष्टि भवानी ईश्वर सृष्टि का आधार है

**भिलाई/उतई।** पाऊवारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस माता सती, पार्वती, ध्रुव चरित्र कथा सुनाई गई।

संत निरंजन ने बताया कि जो दृश्यमान है, वह असत और जो दिखता नहीं केवल अनुभव का विषय है, वह भगवान है। विषयासक्त परमात्मा से अपने को दुर समभूक्ता है किन्तु शब्दतात्पर्य रूप रस गंध आदि विषयों से दूर रहकर जीव परमात्य तत्व का अनुभव करता है। विदुर भक्त की कथा प्रत्येक जीव मात्र को भाव सहित प्रपंच रहित रहकर सहज ही परमानंद की अवस्था में पहुंचाती है। भगवान से भी अधिक भक्तों की गाथा श्रीमद्भागवत में वर्णित है। विषय वासनाओं से दूर रहकर मनुष्य जीवन को धन्य बना सकता है। आत्म तत्व ज्ञान के लिए सहज़ सरल विनय युक्त जीवन ही श्रेयस्कर है। पश्तात सती चरित्र की व्याख्या करते हुये बताया गया अंहकार ही पतन का कारण है दक्ष के अंहकार ने भगवान शिव को अपमानित कर स्वंय का नाश कराया। जीव ही शिव है किसी जीव का तिरस्कार व अपमान ही मनुष्य जीवन में पतन का कारण होता है। कोई भी यज्ञ बिना सदभावना को सफल नहीं होता। प्रेम, दया, करुणा आदि गुणों से ही जीवन का यज्ञ सफल होता है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।



## सिटी लाइव

# कंगला मांझी महोत्सव आज, दस विशिष्ट साधक होंगे सम्मानित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारी जननायक हीरा सिंह देव कंगला मांझी की स्मृति मे मांझी मेला एवं महोत्सव उनके गौरव ग्राम बाघमार मे होगा। क्रांतिकारी कंगला मांझी 5 सितंबर 1984 में परलोक सिधारे। उनकी संकल्पवान जीवन संगिनी श्रीमती फुलवा देवी कांगे, पुत्र कुंम देव कांगे एवं राजकुमारी कांगे सहित पूरा परिवार 5-7 दिसंबर तक तीन दविसीय महोत्सव को आयोजित करता है। प्रतिवर्श साधकों को अगासदिया सम्मान दिया जाता है। कुंभ देव कांगे सैनिक परेड का नेतृत्व करते हैं। ये कंगला मांझी के सैनिक सात-आठ भिन्न-भिन्न प्रांतो से तथा दिल्ली के आदिवासी मांझी केम्प से आते हैं।



कंगला मांझी की पुत्री राजकुमारी कांगे द्वारा लिखित आलेखों का संग्रह भी प्रकाशित होता है। उसका भी विमोचन इस वर्ष 6 दिसंबर को होगा। 6 दिसंबर को बघमार में मांझी महोत्सव के मंच पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय दस व्यक्तियों को अगासदिया सम्मान दिया जाएगा। कलाकार महेश वर्मा को दुलार सिंह साव मंदराजी सम्मान, पूर्व कमिश्नर एस चुरेन्द्र को कंगला मांझी सम्मान, पूर्व कमिश्नर आदिवासी सपूत एमएस पैकरा को हिडमा मांझी सम्मान, चर्चित लेखक महेन्द्र बघेल को छत्तीसगढ़ के महान लेखक लतीफ घोंघी सम्मान, सिद्ध कलाकार गंगा साहू को आल्हा गायक नारायण चंद्राकर सम्मान, प्रख्यात कलाकार एवं गायक राजेन्द्र साहू को देवदास बंजारे सम्मान, स्वर्गीय स्वामी चित्रानंद को संत पवन दीवान सम्मान, चर्चित भाषाविद एवं लेखक दिनेश चौहान को डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा सम्मान तथा साहित्य शिरोमणि एवं समाज सेवक डॉ. शिरोमणि माथुर को शहीद दुर्वासा लाल निशाद सम्मान और बालाघाट के पत्रकार सतीश राम पारधी को हीरासिंह देव सम्मान प्रदान किया जाएगा। अगासदिया सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मंडावी होंगी। अध्यक्षता फुलवादेवी कांगे करेंगी।

## डीपीएस दुर्ग में वार्षिकोत्सव 10 को

**भिलाई।** डीपीएस स्कूल दुर्ग में वार्षिकोत्सव अनुगूंज 2025 का आयोजन 10 दिसंबर को किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण सोव, हरियाणा के पूर्व वित्त और राजस्व मंत्री कैप्टेन अभिमन्यु मौजूद होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ ही पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा।

## बालाराम बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज रायपुर सामाजिक संगठन कार्य विस्तार के लिए युवां नेता बालाराम कोलते भिलाई को रोचक रविदास समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री कोलते की नियुक्ति से रविदास समाज को नई दिशा मिलेगी। नियुक्ति पर सुनील रामटेके, दीनानाथ प्रसाद, वर्षा बागडे, गोविंद कनौजिया, प्रकाश चौधरी, अनिल मेश्राम, हर्ष मेश्राम,राजेश गजभिए, राजेश चौधरी, मुन्ना भाई ,जाकिर भाई ,दीपक भारती, अजय गौतम, विनोद कश्यप, अधिवक्ता अशोक शर्मा, रंजीत दास, रविकांत देव, सुशील पारते संजय भारती, मंगल सिंह, गीता कुहीकर, समेत लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



● 75 से अधिक विद्यार्थियों ने मिट्टी परीक्षण का महत्व सीखा और संरक्षण का दिया संदेश

# मिट्टी है जीवन की जड़, उपजाऊ मृदा हमारी अगली पीढ़ी की सबसे बड़ी पूंजी, धूल नहीं जीवित तंत्र है

**भिलाई।** मृदा दिवस के अवसर पर 'मिट्टी परीक्षण कार्यशाला और विविध कार्यक्रमों' का प्रभावी आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में किया गया। इस कार्यशाला में 75 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर वैज्ञानिक मृदा परीक्षण की विधियों को सीखा। इस दौरान वक्ताओं ने उपजाऊ मिट्टी हमारी अगली पीढ़ी की सबसे बड़ी पूंजी है बताया। साथ ही मृदा के भौतिक और रासायनिक गुणों की वैज्ञानिक जानकारी देते हुए कहा कि 'मिट्टी केवल धूल नहीं, यह एक जीवित तंत्र है, जिसे समझना सभी के लिए आवश्यक है। इस दौरान विद्यार्थियों के मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाने प्रेक्टिकल कर दिखाया गया। जो बच्चों के लिए ज्ञानवर्धन सेशन रहा।कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा, प्रधानाध्यापक कमल सोनी, पूनम मिश्रा उपस्थित थे। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी राजेश कुमार रहे और संचालन डॉ. अजय आर्य ने किया।



### संरक्षण और परीक्षण कृषि-विकास की पहली शर्त




मृदा केंद्र की इंचार्ज एवं सहायक संचालक पुष्पा राजेंद्र ने कहा कि 'उपजाऊ मिट्टी हमारी अगली पीढ़ी की सबसे बड़ी पूंजी है, इसका संरक्षण और परीक्षण कृषि-विकास की पहली शर्त है। तकनीकी सहायक संजीव जेना ने विद्यार्थियों को मृदा के भौतिक व रासायनिक गुणों की वैज्ञानिक जानकारी देते हुए कहा कि 'मिट्टी केवल धूल नहीं, यह एक जीवित तंत्र है, जिसे समझना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत परीक्षण परिणामों और 'मिट्टी संरक्षण संकल्प' के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी राजेश कुमार सहित केंद्रीय विद्यालय के स्टाफ भी मौजूद रहे।

### मिट्टी की खुशबू में ही भविष्य की रेखाएं

तकनीकी सहायक स्वाति सिंह राजपूत ने परीक्षण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए कहा कि 'मृदा परीक्षण किसान को सही उर्वरक प्रबंधन की दिशा देता है, जिससे उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। एडीओ मंजूषा सिंह ने कहा कि 'संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और मिट्टी की स्वास्थ्य कार्ड प्रणाली भविष्य की टिकाऊ कृषि का आधार है। डॉ. अजय आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी की खुशबू में ही भविष्य की रेखाएं मिलती हैं, जो धरती को समझ ले, उसे हर मंज़िल मिलती हैं। डॉ अजय ने कहा कि मिट्टी सिर्फ खेत की नहीं, हमारे चरित्र की भी नींव है। मिट्टी का सम्मान करना, धरती का ऋण चुकाने जैसा है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने मृदा संरक्षण को राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक सीख के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक कमल सोनी और पूनम मिश्रा ने कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह के साथ हिस्सा लेकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत करने प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

## दत्तात्रेय महाराज की जयंती मनाई

# भगवान दत्तात्रेय में गुरु और ईश्वर दोनों का ही स्वरूप है विद्यमान

**भिलाई।** साईंबाबा मंदिर हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में श्री दत्तात्रेय महाराज की जयंती मनाई गई। गाजे बाजे के साथ पालकी शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंची। सुबह दत्तात्रेय की मूर्ति स्नान, काकड आरती के साथ अभिषेक की गई। महिलाओं ने श्री दत्त जयंती ग्रंथ का पाठ किया। साथ ही सत्यनारायण की पूजा अर्चना की गई। महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें हलवा, पुरी, मिठाई, खिचड़ी का प्रसाद सभी भक्त जनों बांटा गया।

आयोजन के दौरान महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्तों को बताया गया कि भगवान दत्तात्रेय में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश समाहित हैं। यह महर्षि अत्रि और अनुसूया देवी के पुत्र हैं। भगवान दत्तात्रेय में गुरु और ईश्वर दोनों का ही स्वरूप विद्यमान है। इनके तीन मुख और छह हाथ हैं। भगवान दत्तात्रेय ने अपने 24 गुरु बनाए थे। इनकी पूजा मात्र से त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु और महेश की वंदना के समान फल मिल जाता है। भगवान दत्तात्रेय के जो भक्त उनकी जयंती पर विशेष अराधना करते हैं उन्हें अथाह ज्ञान की प्राप्ति होती है और जीवन जीने का सही मार्गदर्शन भी मिलता है। मान्यता है कि इन्होंने परशुराम को श्रीविद्या का मंत्र सिखाया था। भगवान दत्तात्रेय त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और शिव के संयुक्त अवतार माने जाते हैं, जिन्हें हिंदू धर्म में एक आदर्श गुरु और योगी के रूप में पूजा जाता है। भगवान दत्तात्रेय को आदि गुरु भी कहा जाता है और वे ज्ञान, वैराग्य और आध्यात्मिक उन्नति के शिक्षक माने जाते हैं।



आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा श्री दत्त भगवान की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण की गई। कथावाचक पं. प्रियांशु तिवारी ने श्री दत्त महाराज के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर अरुण खाडे, विशाल भारती देशमुख, प्रशांत कुमार, क्षीर सागर, कृष्णा, शोभा गुज्जर, शंकर राव भातुलकर, मोहन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## राज्यस्तरीय महिला प्रतियोगिता

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन में दुर्ग सेक्टर की टीम बनी चैंपियन




**भिलाई।** छग शासन द्वारा संचालित राज्य स्तरीय महिला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय कोंडागांव में आयोजित की गई थी। जिसमें दुर्ग की महिला टीम ने प्रथम मैच में राजनांदगांव को 2-0 से, दूसरे मैच में बिलासपुर को 2-1 से और फाइनल मैच में रायपुर को सीधे सेट में 2-0 से पराजित कर चैम्पियन बनी। टीम के सदस्य स्तुति को बेस्ट प्लेयर का आवर्ड मिला। सारा कुरैशी, अनन्या और सुरभि सोलंकी भी शामिल थी। टीम ने के मैनेजर डॉ. रमेश कुमार त्रिपाठी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ख़ूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई 3 थे। खिलाड़ियों की इस उपलब्ध्नि पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अश्विनी महाजन और हेमचंद यादव वि. वि. के संचालक डॉ. दिनेश नामदेव , डॉ. वीरेंद्र सिंह शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, लक्ष्मेंद्र कुलदीप विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग,यशवंत देशमुख और महाविद्यालय के सभी स्टाफ ने खिलाड़ियों को लेकर की इस उपलब्ध्नि पर शुभकामनाएं दी।



## भिलाई में डिजिटल आंख तनाव पर जागरुकता कार्यक्रम, लोगों को किया जागरूक

# कम्प्यूटर और मोबाइल का लम्बे समय तक उपयोग आंखों को पहुंचा रहा नुकसान, बच्चों के लिए यह ज्यादा खतरनाक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य नेत्र रोग सोसायटी के बैनर तले जिला दुर्ग संभागीय नेत्र रोग सोसायटी डीडीओएस द्वारा डिजिटल आंखों के तनाव पर जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिसमें दुर्ग के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों ने बच्चों, अभिभावकों और युवाओं को डिजिटल स्क्रीन से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। डॉक्टरों ने कहा कि कंप्यूटर और मोबाइल का लम्बे समय तक उपयोग आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है और इसकी अनदेखी आगे गंभीर बीमारी का कारण भी बन सकती है। इस दौरान नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी दी। वे छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। इस जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. रुचिर भटनागर एचओडी सेक्टर-9 हॉस्पिटल, डॉ. अरशद सिद्दीकी, डॉ. बसंत वर्मा, डॉ. लिपि चक्रवर्ती प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ़ ऑप्थल्मोलॉजी सीएम मेडिकल कॉलेज, डॉ. शशांक सेन उपस्थित थे। सभी विशेषज्ञों ने अलग-अलग पहलुओं पर अपनी बातें रखीं।



### आंखों की मांसपेशियों में बढ़ता है तनाव

डॉ. रुचिर भटनागर ने डिजिटल आई स्ट्रेन पर बताया कि लगातार स्क्रीन देखने से आंखों की मांसपेशियों पर तनाव पड़ता है। इससे बचने के लिए 20-20-20 नियम सबसे उपयोगी माना गया। यानी हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने की आदत डालें। उन्होंने यह भी बताया कि स्क्रीन पर काम करते समय हम सामान्य से काफी कम पलकें झपकाते हैं, जिससे आंखें सूख जाती हैं। इसलिए ब्रेक में जानबूझकर पलकें झपकाना जरूरी है। उन्होंने बच्चों और टीनएजर्स के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। 14 साल से कम उम्र के बच्चों को व्यक्तिगत मोबाइल नहीं देना चाहिए। टीवी एक घंटे तक सीमित हो। सोशल मीडिया का उपयोग 16 साल के बाद ही करना बेहतर है। वहीं शिक्षकों से कहा गया कि प्रोजेक्ट या होमवर्क डिजिटल माध्यम से देने से बचें, क्योंकि इससे बच्चों में समय से पहले मोबाइल की आदत पड़ जाती है। उन्होंने कहा कि कोरोना कॉल में लॉकडाउन के दौरान सभी बच्चों को मोबाइल पर ऑनलाईन क्लासेस करवाया गया।

### क्या करें और क्या न करें

1. किसी भी लक्षण को नजर अंदाज करें। लगातार सिरदर्द, आंखों में लाली, बहुत ज़्यादा पानी आना, या अचानक धुंधला दिखना ये सब चेतावनी के संकेत हैं जिन पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।
2. खेलों में सुरक्षात्मक आईवियरः क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल या अन्य तेज गति वाले खेलों में आंखों की चोट का खतरा होता है। ऐसे खेलों में हमेशा उचित फिटिंग वाले सुरक्षात्मक चश्मे का उपयोग करें।
3. 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मोबाइल तथा लेपटॉप देखने ना दें। 16 वर्ष तक के बच्चों को केवल 2-3 घंटे ही स्क्रीन एक्सपोज़र हो। सामूहिक तौर पर टीवी 4 वर्ष की आयु से 1 घंटा देखा जा सकेगा। प्रतिवर्ष आधा घंटा समय बढ़ाते जाये। सोशल मीडिया 16 वर्ष के पहले देखने की अनुमति न दे।
4. किसी भी विद्यार्थी को प्रोजेक्ट वर्क या होमवर्क मोबाइल पर अथवा डिजिटली ना देखने दें।

### भोजन पर दें विशेष ध्यान, आंखों का ध्यान रखना आवश्यक



दुर्ग संभागीय नेत्र रोग सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. शशांक सेन ने बताया कि घर के बाहर समय बिताना भी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है। रोजाना लगभग एक घंटे प्राकृतिक रोशनी में रहने से मांशपेशियों का खतरा कम होता है। धूप में जाते समय यूव्ही सुरक्षित सनग्लास पहने और टोपी का उपयोग करें। उन्होंने सही भोजन पर जोर देते हुए कहा कि ल्यूटिन, जेक्सैन्थिन, ओमेगा-3, विटामिन सी और ई आंखों के लिए बेहद जरूरी हैं। इन पोषक तत्वों के लिए हरी सब्जियां, अंडा, अखरोट, अलसी के बीज, मछली, खट्टे फल और बादाम को आहार में शामिल करना चाहिए। कॉन्टैक्ट लेंस की सफाई, मेकअप हटाने, आंखें रगड़ने से बचने और खेल के दौरान सुरक्षात्मक चश्मे पहनने की सलाह भी दी गई। साल में एक बार आंखों की पूरी जांच कराना जरूरी है, ताकि शुरुआती अवस्था में बीमारी पकड़ी जा सके। हम स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें, सही पोस्चर अपनाएं, बाहर समय बिताएं और नियमित जांच कराएं तो आंखों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बिना चेहरा दिखाए और बिना एक शब्द बोले इस कलाकार ने दर्शकों में पैदा कर दिया था खौफ



हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसे सितारे हुए हैं जिन्हें अपने रियल चेहरे से अधिक किरदार की वजह से लोगों का प्यार मिला है। ऐसे ही एक एक्टर हैं हॉलीवुड के वो कलाकार हैं जिन्हें उस किरदार से पहचान मिली जो नकाब के पीछे छिपा हुआ हर भाव सिर्फ शरीर की हलचल, चाल से दिखाया और उनकी आवाज उनके पास नहीं थी। ऐसे ही एक एक्टर रहे हैं हॉलीवुड के डेविड प्राउज हैं, एक ऐसे ब्रिटिश एक्टर जिन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन एक किरदार ने उन्हें शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। कहानी में ट्विस्ट ये था कि उनका ये हिट किरदार कभी पर्दे पर नजर ही नहीं आया। न पर्दे पर उनका चेहरा दिखा और न ही उनकी आवाज सुनी गई, लेकिन उनकी मौजूदगी ने सिनेमा के सबसे आइकॉनिक विलन डार्थ वाडर को जीवंत बना दिया। 1 दिसंबर 2020 को उनका निधन हुआ और उनके साथ फिल्म इतिहास का एक अनोखा अध्याय भी शांत हो गया।

डेविड प्राउज की कहानी उतनी ही दिलचस्प है जितनी रहस्यमयी। उनका जन्म 1935 में इंग्लैंड में हुआ था और बचपन से ही उनकी ऊंचाई, कद-काठी और शारीरिक शक्ति उन्हें भीड़ से अलग करती थी। उन्होंने बॉडी बिल्डिंग में नाम कमाया और 'मिस्टर यूनिवर्स' जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। यही कद-काठी उन्हें आगे फिल्मों तक पहुंचा पाई।

साल 1977 में जब जॉर्ज लुकास स्टार वार्स बना रहे थे, उन्हें एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी जो पर्दे पर लंबा, प्रभावशाली और डर पैदा करने वाला लगे...और यही वो पल था जिसने डेविड प्राउज की किस्मत बदल दी।

## टॉलीवुड

### पल्लवी ने 'कलैमामणि अवॉर्ड' के साथ शेयर की दादा-दादी की तस्वीर



अभिनेत्री साई पल्लवी इन दिनों अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म 'रामायण भाग 1' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए साई को 'कलैमामणि अवॉर्ड' दिया गया। साई ने इस सम्मान के मिलने पर एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपनी खुशी जताई है। साई पल्लवी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने दादा और दादी के साथ तस्वीर शेयर की, जिसमें वे पुरस्कार का प्रमाणपत्र पकड़े नजर आ रही हैं। इसके अलावा साई ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ भी तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ साई ने कैप्शन में लिखा, 'कलैमामणि पुरस्कार मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं बचपन से इस नाम को सुनती आई हूं। तमिलनाडु सरकार, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएन इयाल इसाई नादगा मंद्रम को धन्यवाद। यह पोस्ट एक महीने देर से इसलिए डाली, ताकि मैं अपने परिवार के साथ फोटो ले सकूं।' कलैमामणि पुरस्कार तमिलनाडु राज्य के कला और संस्कृति में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले कलाकारों को उनकी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार साहित्य, संगीत, नाटक, नृत्य और चित्रकला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी योगदान और महारत को सम्मानित करता है। साई पल्लवी निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह माता सीता का किरदार निभाएंगी। फिल्म 'रामायण' को दो भागों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का पहला भाग दिवाली 2026 को रिलीज हो सकता है। यह साई की पहली बॉलीवुड फिल्म है। इस फिल्म में साई के अलावा रणबीर कपूर (भगवान राम) और सनी देओल (हनुमान) के रोल में नजर आएंगे।

## भोजपुरी

### 'सरकल ओढ़निया सीना से' ने मचाया धमाल, फैंस बोले- 50 मिलियन पक्का



प्रमोद प्रेमी यादव और रक्षा गुप्ता का नया गाना 'कजरवा जब करेलु' रिलीज होने के साथ ही हिट साबित हुआ है। इस नए भोजपुरी गाने को देख सुनकर फैंस तारीफ कर रहे हैं। कह रहे हैं कि इसे 50 मिलियन व्यूज तो पक्का मिलेंगे। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के हरफनमौला सिंगर प्रमोद प्रेमी यादव का नया रोमांटिक डांस ट्रैक 'कजरवा जब करेलु' रिलीज हो गया है। दिलचस्पस बात यह है कि यूट्यूब पर रिलीज के कुछ ही घंटों में इस गाने ने धूम मचा दी है। इसे एक ओर जहां चंद घंटों में ही 1.23 लाख व्यूज मिल गए हैं, वहीं करीब पांच हजार लाइक्स और 270 से अधिक कॉमेंट्स ने माहौल रूमानी बना दिया है। गाने के वीडियो में प्रमोद प्रेमी के साथ रक्षा गुप्ता की जोड़ी की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने को जहां प्रमोद प्रेमी यादव ने अकेले ही गाया है, वहीं इसका संगीत छोटू बंटी ने दिया है। गीत के बोल रवि यादव ने लिखे हैं। म्यूरजिक वीडियो के डायरेक्टर पवन पाठक और रौनक राउत हैं। गाना रूमानी है और इसकी शुरुआत एकदम झन्ना टेदार अंदाज में होती है। प्रमोद प्रेमी कहते हैं कि जब से रक्षा गुप्ता की ओढ़निया सीने से सरकी है, तब से ही वह पागल हो गए हैं। वह यह भी कहते हैं कि काली काली अंखियों से रक्षा कत्ल करने का हुनर रखती हैं। खासकर तब से जब से उन्हों ने आंखों में काजल लगाया है। मेकर्स ने 'सारेगामा हम भोजपुरी' चैनल पर गाना रिलीज करते हुए यूट्यूब पर डिस्क्रिप्शन में लिखा है।

लाइफ

## रहनुमा लहंगा



अगर आप अपनी अगली पार्टी में गरारा या अनारकली पहनने में इंटरेस्टेड नहीं हैं, तो सबसे खूबसूरत ड्रेस-रहनुमा लहंगा खरीदने के बारे में सोचें। यह एलिगेंट लहंगा किसी भी खास मौके के लिए परफेक्ट है। लग्ज़री वीगन सिल्क फैब्रिक से बना यह शानदार लहंगा पहनने में सॉफ्ट और आरामदायक है। इस आउटफिट में स्कर्ट, ब्लाउज और दुपट्टा सहित तीन पीस हैं स्कर्ट पर खूबसूरत पैज़ली पैटर्न और ब्लाउज पर पोल्का डॉट पैटर्न आपको गॉर्जियस लुक देगा।

## आसानी से बनेगा हरी कांच की चूड़ियों का डिजाइनर सेट

फैशन के गलियारों में आजकल हरे रंग का ट्रेंड काफी जोर-शोर से पसंद किया जा रहा है। आप बहुत ही कम कीमत में हरी चूड़ियों का डिजाइनर सेट बाजार से अपने लिए बनवा सकती हैं। वेलवेट का ट्रेंड आजकल काफी फैशन में है और कपड़ों से लेकर हाथों की चूड़ियों तक में यह ट्रेंड देखने को मिल रहा है। आप वेलवेट वाली हरी चूड़ियों के साथ फूल वाले कड़ों को क्लब कर सकती हैं।

इस तरह के कड़ों में आपको एक नहीं बल्कि ढेरों वैरायटी मिल जाएंगी। आपको बाजार में इस तरह के कड़े 50 रुपये जोड़े से लेकर 200 रुपये जोड़े तक मिल जाएंगे। अगर आपको कॉम्बिनेशन में डिजाइनर चूड़ियां लगानी हैं, तो आप गोल्डन, सिल्वर या फिर कॉपर चूड़ियां भी उसके साथ लगा सकती हैं।

आजकल बाजार में रेशम के धागों वाला चूड़ी सेट भी खूब देखने को मिल रहा है। इसमें आपको स्टोन वर्क और गोटा वर्क वाली चूड़ियां भी मिल जाएंगी। इसमें आपको मिरर वर्क में भी डिजाइनर चूड़िया मिल जाएंगी। आप इन्हें किसी और रंग की धागों वाली चूड़ियों के साथ कैरी कर सकती हैं या फिर आप इन्हें डिजाइनर कड़ों के साथ क्लब करके पहन सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपको इसके साथ मेटल वाले या फिर स्टोन वर्क वाले कड़े नहीं क्लब करने हैं क्योंकि इसमें धागे फंस सकते हैं और आपके कड़े खराब हो सकते हैं। आपको बाजार में 200 रुपये दर्जन से लेकर 500 रुपये दर्जन के हिसाब से इस तरह की चूड़ियां मिल जाएंगी।

### हाथों में सजाएं ऐसे

आप विभिन्न डिजाइनों के साथ हरे कांच की चूड़ियों का सेट बना



सकते हैं, जैसे कि लाल और सोने की चूड़ियों के साथ एक पारंपरिक संयोजन या सादे कांच की चूड़ियों का एक सरल सेट। एक आकर्षक लुक के लिए, आप सादी हरी चूड़ियों के साथ एक या दो चमकदार या सोने की चूड़ियां मिला सकते हैं। अपनी कलाई के आकार के अनुसार सही माप का चयन करें और अलग-अलग रंग और टेक्सचर मिलाकर सेट तैयार करें।

### पारंपरिक सेट

कई सारी हरी कांच की चूड़ियों के साथ लाल और सोने की चूड़ियों का संयोजन करें। यह संयोजन रेशमी साड़ियों के साथ पारंपरिक भारतीय दुल्हन लुक के लिए अच्छा है।

## टिप्स का ध्यान करके खरीदें शादी की शेरवानी, बनें 'बेस्ट लुकिंग' दूल्हा



अब अगले कुछ महीने शादियों का दौर रहने वाला है। वो दौर जब हो सकता है आप भी दूल्हा बनने वाले हों। वो दूल्हा जो 'डी डे' पर बेस्ट लुक में दिखेगा। मगर कैसे? बेस्ट शेरवानी के साथ।



पर शेरवानी के साथ बेस्ट लुक पाने के लिए सिर्फ पैसे खर्चा करने से काम नहीं बनेगा। बल्कि आपको 5 खास टिप्स का ध्यान भी रखना होगा। इन टिप्स को अपनाकर आप बेस्ट दूल्हा बनेंगे, बात पक्की है-

### फेब्रिक है कैसा

शेरवानी का कलर बहुत अहम रोल अदा करता है। आमतौर पर पुरुष भारी कपड़े वाली महंगी शेरवानी खरीद लेते हैं। जबकि मौसम के हिसाब से हल्के लेकिन भारी लुक देने वाले मटेरियल भी बाजार में मिल जाते हैं। किसी एक जगह से



खरीदने की बजाए आप कई शॉप देखिए और तब ही शेरवानी शॉपिंग कीजिए। पहनकर देखिए और आराम को भी जांचिए।

### फिटिंग नहीं, पैसा बर्बाद

शेरवानी की फिटिंग सही नहीं है तो मानिए कि आपकी शॉपिंग से जुड़ी सारी मेहनत बेकार ही है। याद रखिए बढ़िया फिटिंग में सस्ती शेरवानी भी आपको स्टाइलो बना देगी। फिटिंग भी सिर्फ बॉडी की नहीं बल्कि हाथों और कंधों से हिसाब से भी देखनी होगी। अगर ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं तो फिटिंग चार्ट को अच्छे से समझने के बाद ही शेरवानी खरीदें।

## सर्दियों में ड्राई स्किन वाले ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान

सर्दियों में त्वचा रूखी-सूखी होने लगती है, जिसकी वजह से कई बार शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। ज्यादातर लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखने के लिए स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं, जोकि हर किसी के बस की बात नहीं है। खासतौर पर जब बार आती है ड्राई स्किन वाले लोगों को उनको तो सर्दियों के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में हम आपको सर्दियों में त्वचा में नमी बनाए रखने के कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनको अपनाकर आप अपनी ड्राई त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन सभी तरीकों को फॉलो करना काफी आसान है, तो आइए देर ना करते हुए आपको इस बारे में बताते हैं। लोगों को लगता है कि सर्दियों के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना इतना जरूरी नहीं है। बल्कि ऐसा नहीं है, सर्दियों में भी लोगों को सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से ही करना चाहिए। इससे त्वचा हानिकारक किरणों से बची रहती है। इसके इस्तेमाल से त्वचा सर्दियों में भी हाइड्रेट रहती



है। जिन लोगों की त्वचा ड्राई होती है, उन्हें हमेशा रात को स्कन केयर रुटीन फॉलो करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इस समय ही आपका शरीर काफी रिलैक्स होता है। ऐसे में त्वचा स्किन केयर प्रोडक्ट को सही तरह से एब्जॉर्ब कर पाती है। इसी के चलते हर रोज रात में नारियल का तेल हाथ-पैर में लगा के ही सोएं।

## ओवरनाइट हेयर मास्क बनाते समय कुछ बातों का रखें ध्यान

अगर आप अपने बालों की केयर करने के लिए ओवरनाइट हेयर मास्क बना रही हैं तो ऐसे में आप कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जब आप अपने बालों पर ओवरनाइट हेयर मास्क अप्लाई कर रही हैं तो ऐसे में सही हेयर मास्क को चुनना बेहद जरूरी है। आप अपना हेयर मास्क खुद घर पर भी बना सकती हैं या फिर मार्केट से भी इसे खरीदा जा सकता है। बस जरूरी है कि वह आपके हेयर टाइप और मौसम के अनुसार हो और आपके बालों की जरूरतों को पूरा करता हो। कई बार ऐसा होता है कि हमें हेयर वॉश किए हुए दो-तीन दिन हो जाते हैं और हम ओवरनाइट हेयर मास्क यह सोचकर लगा लेते हैं कि सुबह तो सिर धोना ही है। हालांकि, आपको यह गलती नहीं करनी चाहिए। अगर आप गंदे बालों पर ओवरनाइट हेयर मास्क लगाती हैं तो आपके बालों को वह पोषण नहीं मिल पाता है, जो उसे मिलना चाहिए। अगर संभव हो तो आप पहले अपने बालों को वॉश कर लें। उसके बाद ही आप अपने बालों पर ओवरनाइट हेयर मास्क लगाएं। कई बार ऐसा होता है कि हम ओवरनाइट हेयर मास्क लगाते हैं तो उसे बहुत अधिक लगाते हैं। आपको



हमेशा ही मास्क को पैकेजिंग पर दी गई मात्रा के अनुसार इस्तेमाल करना चाहिए। अगर आप इसे बहुत अधिक या कम लगाती हैं तो आपको वह लाभ नहीं मिल पाता है, जो वास्तव में मिलना चाहिए।

कार्नर न्यूज

बैली फैट वाले पुरुष अपने कपड़े पहनने की स्टाइल बदलकर देखें

## बाहर को निकल आया है पेट तो फैशन में कर लें बदलाव, आपकी ड्रेस नहीं होने देगी शर्मिंदा

पेट बाहर निकलने के कई कारण हो सकते हैं। बैली फेट भले ही दिक्कत न दे रहा हो लेकिन कपड़े पहनने के बाद लुक पर असर दिखता है। इसलिए क्यों न बैली फैट वाले पुरुष अपने कपड़े पहनने की स्टाइल को बदलकर देखें। शायद उनका बाहर निकला पेट कम दिखे या देखने में अच्छा लगे।कुछ टिप्स की मदद से आप अपने ड्रेस को सही तरीके से कैरी कर सकेंगे।

### नो बॉडी शेमिंग मैन!

बॉडी के शेप और साइज को लेकर कई तरह के कॉमेंट सुनने को मिलते हैं। कई लोग तो पहले से ही अवधारणा बना लेते हैं कि मेरा पेट निकला है, मैं अच्छा नहीं दिखूंगा, लड़कियां मुझे पता नहीं क्या समझती होंगी आदि इत्यादि।

अगर आप भी ऐसा सोचते हैं, तो सबसे पहले लोगों की बातों का परवाह करना छोड़ दें। लोगों की बातों से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आप क्या चाहते हैं। इसलिए अगर आपको बिग बैली पसंद है तो खुद का मनोबल न गिराएं। क्योंकि अच्छे लुक के लिए अच्छी ड्रेसिंग सेंस के



साथ-साथ आत्मविश्वास भी उतना ही जरूरी है।

### अपनी पसंद को दें प्राथमिकता

चाहे कोई रंग हो या बॉडी शेप, हर व्यक्ति हर तरह के कपड़े पहन सकता है। इसके लिए कोई रोक नहीं सकता है। इसलिए हम चाहेंगे कि आपको जो पसंद हो उसे पहनें। लेकिन उसको पहनने का तरीका इंप्रूव करें। जहां पर मिस्टेक हो रही है वहां पर सुधार करें।

अगर आपको कोई कहता है कि शर्ट न पहनें, टी-शर्ट न पहनें, ये न पहनें वो न पहनें तो ऐसी बातों से दूर रहें। आपको जो पसंद है उसे पहनें। चलिए अब हम उनको सही तरीके से कैरी करने की बात जान लेते हैं।

### टाइट फिट ड्रेस पहनने से बचें

कई लोगों को बहुत अधिक टाइट ड्रेस पहनने की आदत होती है। खासकर वे लोग टॉप वियर्स जैसे- टी-शर्ट, शर्ट या कुर्ता टाइट फिट पहनते हैं। इस वजह से उनकी ड्रेस पेट के पास आकर खिंचती है। कई बार ऊपर की ओर उठ जाती है। देखने पर टंगी हुई मालूम होती है। इस तरह की गलती से बचने के लिए टाइट फिटिंग ड्रेस को पहनने से बचें। आप कभी भी लूज फिटिंग टी-शर्ट, शर्ट या कुर्ता पहनें। ये आपके लिए कंफर्टेबल होने के साथ-साथ परफेक्ट लुक देने का काम करेंगे। हमारी सलाह मानकर एक बार इस तरह से कपड़े पहनें।

### हल्के फैब्रिक वाली ड्रेस पहनें

कई ड्रेस के फैब्रिक बहुत मोटे होते हैं। वैसी ड्रेस देखने में ही काफी मोटे आकार की मालूम होती हैं। उस तरह की ड्रेस को भी पहनने से खुद को दूर रखें।



हल्के फैब्रिक को पहनना कई मायनों में सही रहेगा। अगली बार जब अपने लिए ड्रेस खरीदने पर फैब्रिक का ध्यान रखें।